
सोने एवं चांदी आभूषणों के विक्रेता
माँ दुर्गा ज्वेलर्स
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911



सांध्य दैनिक
RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच



आवश्यकता है
मीडिया हाउस में काम करने के लिए ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 43 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, रविवार 26 नवंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### शमी बने मसीहा! कहा-किसी को बचाकर खुश हूं, ऊपरवाले ने उसे दूसरी जिंदगी दी

**नैनीताल (एजेंसी)।** विश्व कप 2023 में भारत को कई मुकाबलों में अपने दम पर मैच जिताने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब मसीहा बन गए हैं। उन्होंने नैनीताल में खाई में गिरी कार से एक व्यक्ति को बचाया है। इसकी जानकारी खुद शमी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी है। शमी ने यह पोस्ट शनिवार को किया। उन्होंने लिखा- वह (गाड़ी वाला व्यक्ति) बहुत भाग्यशाली है। ऊपर वाले ने उसे दूसरा जीवन दिया। उसकी कार मेरी कार के ठीक सामने नैनीताल के पास पहाड़ी सड़क से नीचे गिर गई। हमने उसे बहुत सुरक्षित बाहर निकाला। शमी ने इस घटना का वीडियो शेयर किया है। शमी ने लिखा- 'मैं किसी को बचाकर खुश हूं। वह काफी भाग्यशाली है कि ऊपर वाले ने उसे दूसरी जिंदगी दी है।' शमी वीडियो में उस व्यक्ति की चोट पर मरहम-पट्टी भी करते दिख रहे हैं। शमी के इस वीडियो को लोग काफी पसंद कर रहे हैं। कुछ फैंस ने तो यहां तक लिखा- पिच पर इंडिया टीम को बचाया और यहां इंसान को।

### दर्दनाक सड़क हादसा: गहरी खाई में गिरी कार, 5 दोस्तों की मौत

**रामपुर (एजेंसी)।** सड़क हादसे रूकने का नाम नहीं ले रहे। इसी क्रम में तीन दिन पूर्व सफारी गाड़ी से नैनीताल घूमने गए पांच दोस्तों की गाड़ी नैनीताल जिले के कोटाबाग ब्लॉक के देवीपुरा-सौड़ मोटर मार्ग पर खाई में गिर गई। दो दिन बाद पुलिस को शनिवार की शाम घटना की जानकारी हुई। चार गांवों में पांच युवकों की मौत से शोक की लहर दौड़ गई है। हादसे के बाद ग्रामीणों ने बताया कि तीन दिन पूर्व गए पांचों युवकों का परिवार के लोगों से दो दिन से फोन पर संपर्क टूटा हुआ था। पहाड़ पर मोबाइल नेटवर्क न होने की वजह से संपर्क नहीं हो पा रहा है। सभी को अपने पुत्रों का घर वापस आने का पूरा इंतजार था। लेकिन हादसे में पांचों की जान जाने की बात शनिवार की शाम ग्रामीणों को हुई थी।

कोतवाली प्रभारी ने बताया कि अब तक मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी में सवार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बिजली फॉर्म निवासी रवि प्रताप (25) पुत्र बलबीर सिंह उर्फ वीरा तथा इसी गांव का दूसरा युवक सुखमीत सिंह (28) पुत्र इकबाल सिंह तथा कोतवाली के ही ग्राम रतनपुरा निवासी जगरूप सिंह (27) पुत्र अमरीक सिंह तथा ग्राम बारादरी निवासी गुरुसेवक सिंह (26) पुत्र मलकीत सिंह व ग्राम सिकरौरा निवासी जगजीत सिंह उर्फ जस्सु (23) पुत्र जीत सिंह शामिल थे।

# मुंबई हमले की बरसी पर बोले पीएम मोदी अब हम आतंक को मजबूती से कुचल रहे हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम मोदी ने जल संरक्षण और अमृत सरोवर की बात की। भारत में 65 हजार अमृत सरोवर बनाए गए हैं। गुजरात के अमरेली में जल उत्सव मनाया जाता है, जिससे जल संरक्षण को लेकर जागरुकता आई है। आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम में बेल्जिपुरम यूथ क्लब स्किल डेवलपमेंट पर फोकस कर रहा है। इसके साथ ही पीएम मोदी ने देश की कई और प्रेरक कहानियां बताई।




पीएम ने कहा सूरत में युवाओं की एक टीम ने प्रोजेक्ट सूरत की शुरुआत की है जिसका लक्ष्य सूरत को सफाई और सस्टेनेबल विकास की मिसाल बनाना है। इसके तहत युवा सार्वजनिक जगहों की सफाई करते हैं और आज इन लोगों की संख्या 50 हजार से ज्यादा हो गई है। इन लोगों की टीम ने लाखों किलो कचरा हटाया है। तमिलनाडु के कोयंबटूर के लोगानाथन जी गरीब बच्चों को अपनी कमाई का एक हिस्सा दान देते हैं। वह अब तक 1500 से ज्यादा बच्चों की मदद कर चुके हैं।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम भारतीय संसद ने किया पास

संविधान सभा में 15 महिलाएं थी। इन्हीं में से एक हंसा मेहता ने महिलाओं के अधिकार और न्याय की आवाज बुलंद की थी। उस समय भारत उन कुछ देशों में से था, जिन्होंने महिलाओं को संविधान से वोटिंग का अधिकार दिया। संविधान निर्माताओं की उसी दूरदृष्टि का पालन करते हुए भारत की संसद ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पास किया है और यह हमारे लोकतंत्र की संकल्प शक्ति का उदाहरण है।

### अभी तक कुल 106 संविधान संशोधन किए जा चुके हैं

प्रधानमंत्री ने बताया संविधान के निर्माण में दो साल 11 महीने और 18 दिन का समय लगा। 60 से ज्यादा देशों के संविधान का अध्ययन के बाद संविधान का ड्राफ्ट तैयार हुआ था और उसे अंतिम रूप देने से पहले दो हजार से ज्यादा संशोधन किए गए। 1950 में संविधान लागू होने के बाद भी अब तक कुल 106 संविधान संशोधन किए जा चुके हैं। पीएम मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य रहा कि संविधान का पहला संशोधन बोलने की आजादी और अभिव्यक्ति की आजादी के अधिकारों में कटौती के लिए हुआ। वहीं 44वें संविधान संशोधन के जरिए आपातकाल के दौरान की गई गलतियों को सुधारा गया।

### विदेशों में शादी करना जरूरी है क्या?

पीएम मोदी ने कहा कि इन दिनों कुछ परिवारों में विदेशों में जाकर शादी करने का नया वातावरण बन रहा है, ये जरूरी है क्या? भारत की मिट्टी में भारत के लोगों के बीच अगर हम शादी ब्याह करेंगे तो देश का पैसा, देश में रहेगा। छोटे छोटे गरीब लोग भी अपने बच्चों को आपकी शादी की बातें बताएंगे। मन की बात में पीएम मोदी ने कहा कि मैंने वोकल फॉर लोकल की अपील की थी और बीते कुछ दिनों में त्योहारों पर देश में चार लाख करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। वोकल फॉर लोकल अभियान समृद्ध भारत के द्वार खोल रहा है। इससे अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है।

### संविधान दिवस को लेकर कही ये बात

डॉ. अंबेडकर को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 1949 में आज ही के दिन संविधान सभा ने भारतीय संविधान को अंगीकार किया था। जब साल 2015 में हम बाबा साहेब आंबेडकर की 125वीं जयंती मना रहे थे, उसी समय 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाने का विचार आया था। उसके बाद से हर साल हम इस दिन को संविधान दिवस के रूप में मनाते आ रहे हैं।

### मुंबई हमले में जान गंवाने वाले लोगों को दी श्रद्धांजलि


मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि 'आज 26 नवंबर है और इस दिन को हम कभी नहीं भूल सकते। आज ही के दिन देश पर सबसे जघन्य आतंकी हमला हुआ था। आतंकियों ने मुंबई और पूरे देश को थर्रा कर रख दिया था। लेकिन ये भारत का सामर्थ्य है कि हम उस हमले से उबरे और अब पूरे हौंसले से आतंक को कुचल रहे हैं। मुंबई हमले में अपना जीवन गंवाने वाले सभी लोगों को मैं श्रद्धांजलि देता हूं।'

### 11 विदेशी भाषाओं में होता है प्रसारण

'मन की बात' कार्यक्रम 22 भारतीय भाषाओं और 29 बोलियों के अलावा फ्रेंच, चीनी, इंडोनेशियाई, तिब्बती, बर्मी, बलूची, अरबी, पश्तू, फारसी सहित 11 विदेशी भाषाओं में प्रसारित किया जाता है। यह कार्यक्रम आकाशवाणी के 500 से अधिक केंद्रों से प्रसारित होता है।

## पीएम की सुरक्षा में चूक का मामला: पंजाब सरकार का बड़ा एक्शन, सात पुलिस अधिकारी सस्पेंड

**अमृतसर (एजेंसी)।** जनवरी 2022 में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले पंजाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सुरक्षा चूक मामले में पंजाब सरकार अब एक्शन में है। फिरोजपुर के तत्कालीन एसपी ऑपरेशन गुरबिंदर सिंह को निलंबित करने के बाद छह और पुलिस कर्मियों पर एक्शन लिया है। गुरबिंदर सिंह को ड्यूटी में कोताही का जिम्मेदार माना गया है। वह मौजूदा समय में बठिंडा में एसपी के पद पर तैनात थे। सरकार ने यह कार्रवाई 18 अक्तूबर 2023 को भेजी गई डीजीपी की रिपोर्ट के आधार पर की है। गुरबिंदर सिंह सिंह के अलावा डीएसपी परसन सिंह, डीएसपी जगदीश कुमार, इंस्पेक्टर तेजिंदर सिंह, इंस्पेक्टर बलविंदर सिंह, इंस्पेक्टर जतिंदर सिंह और एएसआई राकेश कुमार को भी निलंबित किया गया है।



पांच जनवरी 2022 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पंजाब के फिरोजपुर में दौरा था। उन्हें हुसैनीवाला जाना था। भारी बारिश के कारण पीएम सड़क मार्ग से वहां जा रहे थे लेकिन इस दौरान हुसैनीवाला से 30 किलोमीटर पहले रास्ते में प्रदर्शनकारी आ धमके थे। इससे पीएम का काफिला करीब 20 मिनट बेहद असुरक्षित क्षेत्र तलवंडी भाई-फिरोजपुर हाईवे पर बने फ्लाईओवर पर रुका रहा। यहां से पाकिस्तान सीमा की दूरी सिर्फ 10 किलोमीटर थी।

### अधिकारी नहीं निभा सके अपनी जिम्मेदारी

इस घटना के बाद सुप्रीम कोर्ट ने मामले की जांच के लिए पूर्व जस्टिस इंदू मल्होत्रा की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी गठित की थी। इस कमेटी ने पूरे घटनाक्रम की जांच की। पहले इस घटनाक्रम के लिए एसएसपी हरमनदीप हंस को ही जिम्मेदार माना जा रहा था लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर बनी कमेटी की रिपोर्ट में तत्कालीन मुख्य सचिव एवं डीजीपी की लापरवाही सामने आई थी। इसमें कहा गया कि जिस अधिकारी के पास जो जिम्मेदारी थी, वह उसे ठीक ढंग से निभा नहीं पाए। रिपोर्ट में कहा गया कि आईजी (एसपीजी) आरआर भगत ने पुलिस अधिकारियों को समय से पहले ही इनपुट मुहैया करवाया था लेकिन समय रहते कार्रवाई नहीं की गई।

### आठ महीने पहले सौंपी थी रिपोर्ट

कमेटी ने आठ महीने पहले अगस्त 2022 में यह रिपोर्ट अपेक्स कोर्ट और केंद्र सरकार को सौंप दी थी। इस रिपोर्ट के आधार पर केंद्र ने सितंबर 2022 में पंजाब सरकार को पत्र लिखकर दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा था।

## 2040 तक भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था 40 अरब डॉलर की होगी, केंद्रीय मंत्री बोले जल्द बदलाव आएगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था साल 2040 तक करीब 40 अरब डॉलर की हो जाएगी। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने यह दावा किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ विदेशी एजेंसियों ने तो भारत की स्पेस इकॉनोमी के 2040 तक 100 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान जताया है। उन्होंने कहा कि स्पेस इकॉनोमी बढ़ने के बाद वैज्ञानिकों को भी काम का बढ़िया माहौल मिलेगा।



अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के प्रशासक बिल नेल्सन जल्द ही भारत का दौरा करेंगे। साथ ही वह यूएई का भी दौरा करेंगे। बिल नेल्सन का भारत दौरा सोमवार से शुरू होगा। नेल्सन, भारत में इसरो अधिकारियों से मुलाकात करेंगे, जिसमें इनोवेशन और रिसर्च संबंधी द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर बातचीत होगी। बता दें कि भारत और अमेरिका क्रिटिकल और इमर्जिंग तकनीक के क्षेत्र में सहयोग बढ़ा रहे हैं और इसरो और नासा का सहयोग भी इसी के तहत बढ़ रहा है।

### ऐसे बढ़ेगी इसरो की कमाई

इसरो के रॉकेट लॉन्च की 60वीं वर्षगांठ पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मीडिया से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अभी हमारी स्पेस इकॉनोमी बहुत प्रभावी नहीं है और यह सिर्फ 80 लाख डॉलर पर टिकी है। लेकिन जल्द ही बड़ा बदलाव आने वाला है और विदेशी सैटेलाइट्स को लॉन्च करने से ही हमें करीब ढाई करोड़ यूरो और अमेरिकी सैटेलाइट्स लॉन्च करके 1.7-1.8 करोड़ डॉलर की कमाई हो सकती है। जितेंद्र सिंह ने कहा कि 70 प्रतिशत से अधिक हमारे अंतरिक्ष के संसाधन गैर सरकारी क्षेत्र से आते हैं।

## भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच दूसरा टी20 आज, स्पिनर्स से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** युवा गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद के साथ भारतीय टीम रविवार को तिरुवनंतपुरम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में उतरेगी। भारतीय टीम ने पहला मैच भले ही जीत लिया हो, लेकिन इस मुकाबले में गेंदबाजों ने काफी रन लुटाए थे। तेज गेंदबाज मुकेश कुमार को छोड़ दिया जाए तो अन्य गेंदबाजों ने अपने प्रदर्शन से निराश किया था।



तेज गेंदबाजों अर्शदीप सिंह और प्रसिद्ध कृष्णा, स्पिनर रवि बिश्नोई को आईपीएल में खासकर भारतीय पिचों पर खेलने का अच्छा अनुभव है और उनसे दूसरे टी-20 में बेहतर प्रदर्शन की आस रहेगी। शनिवार को हुई यहां बारिश हुई थी और ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि रविवार को भी मैच पर बारिश का साया रहेगा। पहले टी-20 में भारतीय गेंदबाजों के खराब प्रदर्शन के चलते अंतिम एकादश में भी बदलाव देखने को मिल सकता है।

### सूर्यकुमार, ईशान और रिंकू पर निर्भर बल्लेबाजी

पहले टी20 मैच में कप्तान सूर्यकुमार यादव, विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन और फिनिशर रिंकू सिंह ने शानदार प्रदर्शन करके टीम को जीत दिलाई थी। दूसरे टी-20 में भी तीनों पर बल्लेबाजी निर्भर रहेगी। हालांकि, पहले मैच में रन आउट हुए गायकवाड़ और तिलक भी अच्छी पारियां खेलना चाहेंगे। वहीं, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, अक्षर पटेल को अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा।

### गुगली से बिश्नोई को बढ़ना होगा आगे

स्पिनर बिश्नोई को समझना होगा कि वह सिर्फ गुगली पर निर्भर नहीं रह सकते और उन्हें इसे आगे बढ़ना होगा। मेहमान टीम के बल्लेबाज उनकी गुगली को भांप लेते हैं। उन्हें इसमें बदलाव करना होगा। हाल ही में वनडे विश्वकप में भारतीय टीम का हिस्सा रहे प्रसिद्ध ने नेट पर शीर्ष खिलाड़ियों को देखा है, लेकिन उनकी गेंदबाजी में कुछ नयापन नजर नहीं आया।

### जाम्पा को मिल सकता है मौका

ऑस्ट्रेलिया के लिए जोश इंग्लिस ने शतक लगाकर टी-20 विश्व कप के लिए तैयारी पुख्ता की। स्टीव स्मिथ को पारी की शुरुआत के लिए भेजने का फैसला सटीक नहीं रहा। उन्होंने 41 गेंद में 52 रन जरूर बनाए, लेकिन उनकी पारी सहज नहीं रही। गेंदबाजों में जेसन बेहरनडोर्फ को छोड़कर कोई प्रभावी नहीं रहा। ऐसे में लेग स्पिनर एडम जाम्पा को तनवीर संघा की जगह उतारा जा सकता है।

## सुपोषित-कुपोषित और आदत से लाचार

श्रीकंचनपथ




जैसे-जैसे दिन बीत रहे हैं, कुपोषण के आंकड़े डराने लगे हैं। राष्ट्रीय परिवार एवं स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2021-22 की रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़ में कुपोषण की दर 31।3 प्रतिशत है। अर्थात लगभग एक तिहाई बच्चे कुपोषित हैं। राज्य सरकार कुपोषण की जांच करने के लिए वजन त्यौहार का आयोजन करती है। वजन के लिहाज से देखें तो छत्तीसगढ़ में 19।86 प्रतिशत बच्चे कुपोषित हैं। वैसे कुपोषण का मतलब केवल वजन का कम होना नहीं है। कुपोषण कई प्रकार के होते हैं। लगभग सभी महाविद्यालयों में कभी न कभी रक्तदान कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। बच्चे पहली बार बतौर बालिग रक्तदान करने के लिए आगे आते हैं। पर जब उनकी जांच की जाती है तो उन्हें रक्तदान के अयोग्य पाया जाता है। किसी का वजन बहुत कम होता है तो अधिकांश का एचबी काफी कम होता है। खतरे की घंटी तो यहां भी बजनी चाहिए पर किसी के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती। भारत की एक बड़ी आबादी सदियों से गरीबी में जीती आ रही है। आज देश भले ही चांद पर पहुंच गया हो पर ये आंकड़ा अप्रभावित है। गरीबों की संख्या लगातार बढ़ी है। जब घर में खाने को पर्याप्त नहीं होता तो भोजन पर पहला अधिकार कमाने वाले पुरुष का हो जाता है। बच्चों को भोजन कराने में आज भी बालकों को प्राथमिकता दी जाती है। लिहाजा आबादी का वह हिस्सा वंचित रह जाता है जिसपर आने वाली पीढ़ियों को जन्म देने की अहम जिम्मेदारी होती है। फिर अल्पायु में विवाह और संतानोत्पत्ति के कारण स्थिति विकराल होती चली जाती है। वैसे कुपोषण का संबंध सिर्फ गरीबी से नहीं है। जिनके यहां पर्याप्त खाने को है वहां भी खान-पान बिगड़ा हुआ है। लिहाजा निम्न मध्यमवर्ग से लेकर उच्च मध्यमवर्ग तक के परिवारों में भी कुपोषित बच्चे पाये जाते हैं। इनका कुपोषण अलग तरह का होता है। ये सामान्य से डेढ़ गुना तक भारी होते हैं। कुछ सींकिया पहलवान भी होते हैं। जब भी ब्लड टेस्ट कराते हैं तो 5-7 कमियां निकल ही आती हैं। इनके शरीर में पोषक तत्वों का संतुलन बिगड़ा हुआ होता है। अर्थात ये भी कुपोषित ही होते हैं। यही बात चिंतित करती है। देश आंकड़ों के लिहाज से बेशक युवा हो पर उनकी आबादी का एक बड़ा हिस्सा कुपोषित है और यह अनुपात लगातार बढ़ता ही जा रहा है। देश में सबसे ज्यादा तेजी से फूड इंडस्ट्री ही बढ़ी है। लगातार बढ़ती प्रतिस्पर्धा और खबड़ों में कुछ नया खाने का जोश इन्हें रोज नए प्रयोग करने के लिए प्रेरित करता है। देश में भोजन की गुणवत्ता भी भगवान भरोसे है। इसके लिए बने विभाग साल में एक दो बार अपनी उपस्थिति मात्र दर्शाते हैं। होली-दिवाली पर नकली खोवा और मिलावटी तेल-घी पकड़कर ये अपने कर्त्तव्यों की इतिश्री कर लेते हैं। लिहाजा कुछ लोग इसलिए कुपोषित हैं कि उनके पास खाने को नहीं है तो वहीं कुछ इसलिए कि उनके पास तमीज नहीं है।


हर्ष मीडिया एडवरटाईजर्स के
बढ़ते कदम....



LED SCREEN
के माध्यम से प्रचार-प्रसार के लिए
संपर्क करे

शॉप-12, प्रेस परिसर, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
शहीद भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.)

अब राजधानी रायपुर सहित
पूरे प्रदेश में....

- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- भगत सिंह चौक, शंकर नगर, रायपुर, जिला-रायपुर
- जयस्तंभ चौक, सिन्धु सदन, किरण होटल, रायपुर, जिला-रायपुर
- संदेश बन्धु बिल्डिंग परिसर, वीआईपी चौक मोड, वार्ड क्रमांक-51, तेलीबांधा, रायपुर, जिला-रायपुर
- पचपेड़ी नाका चौक, रायपुर, जिला-रायपुर
- मिलन स्वीट्स, रेलवे स्टेशन चौक, रायपुर
- नेशनल हाईवे-53, पावर हाउस रेलवे स्टेशन, भिलाई, जिला-दुर्ग
- पाटन पुल,उतई (मा. मुख्यमंत्री विधानसभा क्षेत्र), जिला-दुर्ग
- आकाशगंगा चौपाटी, सुपेला, भिलाई, जिला-दुर्ग
- सिरसा गेट चौक, भिलाई-3, जिला दुर्ग
- अग्रसेन चौक, बिलासपुर, जिला - बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, टिकट काउंटर के सामने, गेट नं.-03, बिलासपुर
- बिलासपुर रेलवे स्टेशन, प्लेटफॉर्म नं.-01, गेट नं.-04, बिलासपुर
- पड़ाव चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली
- दाऊपारा चौक, मुंगेली, जिला-मुंगेली

Harsh Media Advertisers



Contact_-
9303289950
9131425618
9827806026

## संपादकीय

# मिथकों का मोल

एनसीईआरटी की सात सदस्यों वाली उच्चस्तरीय समिति ने हाल ही में सिफारिश की है कि सातवीं से 12वीं तक के बच्चों को सोशल साइंस के सिलेबस के तहत रामायण और महाभारत जैसे महाकाव्य पढ़ाए जाने चाहिए। हालांकि इस आशय की सिफारिशें पहले भी दी गई हैं। समिति ने भी माना है कि कुछ एजुकेशन बोर्ड स्टूडेंट्स को रामायण पढ़ाते हैं, लेकिन वहां इन्हें मिथक के रूप में पढ़ाया जाता है। अगर समिति की सिफारिशों को मान लिया गया तो स्कूलों में स्टूडेंट्स को इतिहास की कक्षा में रामायण और महाभारत पढ़ाई जा सकती है। लेकिन इतिहास और मिथक के बीच की सीमा का इस तरह धुंधला होना कोई अच्छी बात नहीं कही जाएगी। इसके कई तरह के नुकसान आगे चलकर देखने को मिल सकते हैं। भारतीय समाज में मिथकों की बड़ी खास जगह रही है। मिथकीय कहानियां हमारे रोजमर्रा के जीवन, रहन-सहन और बोलचाल का अभिन्न हिस्सा रही हैं। इतिहास इस लिहाज से एक रूखा विषय है कि इसमें घटनाओं, लड़ाइयों और तारीखों का अंतहीन ब्योरा अक्सर इसे सिरदर्द बना देता है। छात्रों के लिए तो यह एक कठिन विषय हो ही जाता है, एक समाज के रूप में भी भारत में इतिहास के इस रूप को ज्यादा तरजीह नहीं मिली। घटनाओं के ब्योरों में जाने के बजाय कहानियों के रूप में उन घटनाओं से निकले सबकों और मूल्यबोध को स्थायी रूप देना यहां ज्यादा जरूरी माना गया। संभवतः इसी का परिणाम है कि एक समाज के रूप में हम घटनाक्रम और उसके कारण शक्ति समीकरणों में आने वाले तात्कालिक बदलावों के ब्योरों पर दृष्टि जमाए रखने के बजाय जीवन को गति देने वाले उदात्त और सनातन मूल्यों को कहानियों में पिरोकर उन्हें सुरक्षित रखने पर ज्यादा ध्यान दे सके। यही वजह है कि वे मिथक आज भी हमारे जीवन, आचरण और मूल्यबोध को स्वरूप देने में इतनी अहम भूमिका निभाते हैं, जितनी दुनिया के शायद ही किसी समाज में निभाते हों। इन सबके बावजूद इन्हें इतिहास का हिस्सा बनाने से परहेज करना जरूरी है। औपचारिक तौर पर इतिहास लिखने और उसका अध्ययन करने की प्रवृत्ति पश्चिम की देन है। उनका कहना है कि आगे बढ़ने के लिए अतीत की गलतियों से सबक लेना जरूरी है। लेकिन व्यवहार में अतीत पर पर ज्यादा जोर हमारी समझ को परिपक्व बनाने के बजाय पुराने हिसाब-किताब बराबर करने की भावना से लैस करके ज्यादा हिंसा की ओर ले जाता है। मतलब यह नहीं कि एक विषय के रूप में इतिहास को पढ़ना या समझना गलत है। लेकिन इसका अध्ययन करते हुए वस्तुपरकता, एक तरह की तटस्थ दूरी बरतने की तमीज जरूरी है ताकि अतीत की परछाईं हमारे वर्तमान और भविष्य के तकाजों को धुंधला न करने लग जाए। और हां, मिथक को सिकोड़ कर उसे इतिहास में तब्दील करने की भूल तो हमें बिल्कुल नहीं करनी चाहिए।

> “ छात्रों के लिए तो यह एक कठिन विषय हो ही जाता है, एक समाज के रूप में भी भारत में इतिहास के इस रूप को ज्यादा तरजीह नहीं मिली। घटनाओं के ब्योरों में जाने के बजाय कहानियों के रूप में उन घटनाओं से निकले सबकों और मूल्यबोध को स्थायी रूप देना यहां ज्यादा जरूरी माना गया। संभवतः इसी का परिणाम है कि एक समाज के रूप में हम घटनाक्रम और उसके कारण शक्ति समीकरणों में आने वाले तात्कालिक बदलावों के ब्योरों पर दृष्टि जमाए रखने के बजाय जीवन को गति देने वाले उदात्त और सनातन मूल्यों को कहानियों में पिरोकर उन्हें सुरक्षित रखने पर ज्यादा ध्यान दे सके।

## वरुण गांधी की कविता का क्या मतलब है?

भारतीय जनता पार्टी के सांसद वरुण गांधी ने अपने चुनाव क्षेत्र में आयोजित एक कार्यक्रम में एक तुकबंदी पढ़ी। उन्होंने कहा- तुम्हारी मोहब्बत में हो गए फना, मांगी थी नौकरी मिला आटा, दाल, चना। भाजपा के एक सांसद का इस तरह तंज करना मामूली बात नहीं है। उन्होंने सीधे तौर पर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी ने हर साल दो करोड़ रोजगार देने का वादा किया था। लेकिन बेरोजगारी की दर देश में बढ़ती जा रही है। दूसरी ओर प्रधानमंत्री मोदी ही देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में पांच किलो अनाज बांट रहे हैं। पिछले साल चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार एक एक किलो दाल भी बांट रही थी। इन दोनों बातों का मजाक वरुण ने उड़ाया।

सवाल है कि इसक राजनीतिक मतलब क्या है? क्या सुल्तानपुर से भाजपा के सांसद वरुण गांधी अपनी स्वतंत्र राजनीति का रास्ता बना रहे हैं? यह सही है कि भाजपा के प्रवक्ता अभी उनका नाम लेकर उनकी आलोचना नहीं कर रहे हैं लेकिन सबको पता है कि वे जिस रास्ते पर चल रहे हैं वह रास्ता उनको भाजपा से दूर ले जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने पहले उनकी मां मेनका गांधी को दूसरी बार मंत्री नहीं बनाया और वरुण गांधी को भी सरकार में शामिल नहीं किया। उनको पार्टी संगठन में भी कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई। पिछले दिनों वे केदारनाथ की यात्रा के दौरान राहुल गांधी से भी मिले और दोनों के बीच कोई 45 मिनट तक बातचीत हुई। उस मुलाकात के बाद ही भाजपा सरकार की नीतियों के ऊपर वरुण का हमला हुआ। हालांकि इसका यह मतलब नहीं है कि वे कांग्रेस में जा सकते हैं। लेकिन यह जरूर है कि वे भाजपा से अलग राजनीति करने का रास्ता बना रहे हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि वे अलग राजनीति अपनी पार्टी बना कर करते हैं या बिना पार्टी के करते हैं या किसी पार्टी से जुड़ कर करते हैं।

## सोचे, क्या यह मनुष्य विकास है?

इसके अलावा चुनाव के समय जो नकदी बंटती है वह अलग है। अभी तक पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में करीब दो हजार करोड़ रुपए की नकदी, शराब और दूसरी चीजें पकड़ी गई हैं। जब दो हजार करोड़ रुपए नकद और सामान पकड़े गए हैं तो इससे 10 गुना जरूर बंटे होंगे। चुनाव के समय ऐसे लाभार्थियों का एक नया समूह बनता है। कुल मिला कर एक छोटा सा वर्ग है, जो अपनी सामाजिक नैतिकता और महत्वाकांक्षा के लिए काम, परिश्रम, पुरषार्थ करता है या काम करना चाहता है। लोग पूछते हैं कि भारत में महंगाई को लेकर लोगों में नाराजगी क्यों नहीं दिखती है या बेरोजगारी को लेकर क्यों नाराजगी नहीं है तो उसका कारण यह है कि महंगाई, बेरोजगारी या कम आय को लेकर जिस वर्ग में नाराजगी हो सकती है वह बहुत छोटा है। उसमें भी एक बड़े वर्ग को धर्म की अफीम चटा दी गई है। मुसलमानों से खतरा पैंठा दिया गया।

तो बड़ा और बहुसंख्यक वर्ग ऐसा है, जो महंगाई और बेरोजगारी से अप्रभावित है। यह देश की 60 फीसदी से ज्यादा आबादी है। इसमें से बड़ा समूह जाति निरपेक्ष है। उसमें से आधे लोग भी जिसे वोट दे दें उसकी सरकार बन जाएगी। आधे से कम भी दें और उसमें मध्य वर्ग के वोट का एक हिस्सा जुट जाए तब भी सरकार बन जाएगी। तभी किसी भी पार्टी को कोई काम करने, रोडमैप बनाने, विजन दिखाने, देश का विकास करने की भला क्या जरूरत है? हालांकि ऐसा नहीं है कि काम नहीं होते हैं। बुनियादी ढांचे के भी काम होते हैं लेकिन उनका मकसद दूसरा होता है। उससे जनता की भी भलाई हो जाए तो वह उसकी किस्मत है।


> 26 जनवरी 1950 को संविधान में उसके प्रारम्भ की तारीख कहा गया। यही वजह है कि हर साल 26 नवंबर का दिन संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अक्टूबर 2015 को मुंबई में एक ऐतिहासिक घोषणा की। उन्होंने बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर स्मारक की नींव रखते हुए कहा था कि हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाएगा।

# कैसे बना संविधान और क्या है विशेषता?

किसी भी सभ्य समाज के संचालन के लिए कुछ नियम कायदों की जरूरत होती है। लोकतांत्रिक प्रणाली में संविधान के जरिए इसकी व्यवस्था की जाती है। दरअसल संविधान किसी भी देश की शासन प्रणाली और राज्य को चलाने के लिए बनाया गया एक दस्तावेज होता है। अथक प्रयास के बाद 1949 में 26 नवंबर के दिन भारत के संविधान को अपनाया गया था। भारत का संविधान देश के लोगों के लिए एक जीवंत और प्रेरणादायक दस्तावेज है जिसने न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका के बीच शक्तियों के बंटवारे को औपचारिक रूप दिया है। साथ ही संविधान को बरकरार रखने के लिए इन तीन स्तंभों को वैध नियम और जिम्मेदारियां दी हैं, जिससे नागरिकों की उम्मीदों और अपेक्षाओं को साकार किया जा सके। संविधान से नागरिक को अधिकार मिलता है, साथ ही नागरिक इसका पालन करके, इसे संरक्षित करके संविधान को ज्यादा सार्थक और ताकतवर बनाते हैं। चलिए संविधान दिवस के मौके पर विस्तार से जानते हैं कैसे बना भारत का संविधान और क्या हैं इसकी खूबियां, जो इसे दुनिया का सबसे बेहतरीन संविधान बनाता है।

### क्या है संविधान दिवस और क्यों मनाते हैं संविधान दिवस?

सैकड़ों साल की दासता और गुलामी के बाद 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ। भारत की आजादी उसकी जनता के लिए एक ऐसे युग की शुरुआत थी जो एक नए दर्शन, विचार और सिद्धांत से प्रेरित था। जिसके मूल में लोक संप्रभुता, प्रतिनिधिमूलक सरकार और नागरिक अधिकारों की मूलभूत अवधारणाएं शामिल थीं। जिनमें आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक न्याय के साथ ही स्वतंत्रता, समानता और बंधुता की बात कही गई। इस नए दर्शन, विचार और सिद्धांत का आधार बना हमारा संविधान




यानी भारत का संविधान.... जिसे संविधान सभा में 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया। नागरिकता, निर्वाचन और अंतरिम संसद से संबंधित प्रावधानों के साथ ही अस्थायी और संक्रमणकारी उपबंधों को उसी दिन से लागू कर दिया गया। जबकि बाकी संविधान 26 जनवरी 1950 से लागू किया गया।

26 जनवरी 1950 को संविधान में उसके प्रारम्भ की तारीख कहा गया। यही वजह है कि हर साल 26 नवंबर का दिन संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है। दरअसल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 अक्टूबर 2015 को मुंबई में एक ऐतिहासिक घोषणा की। उन्होंने बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर स्मारक की नींव रखते हुए कहा था कि हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाएगा।

इसके बाद 19 नवंबर 2015 को भारत सरकार ने गजट नोटिफिकेशन के ज़रिए 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया और 26 नवंबर 2015 को पहला संविधान दिवस मनाया गया। तब से हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाया जाता है।

### संविधान निर्माण की पृष्ठभूमि

संविधान के बनने की कहानी भी बड़ी दिलचस्प है। तकरीबन दो सौ साल की गुलामी के बाद ब्रिटिश हुकूमत से आजाद होने पर देश में लोकतंत्र स्थापित करने के लिए एक संविधान की जरूरत महसूस हुई... लेकिन ये संविधान कैसा हो और इसे कौन बनाएगा इस पर लंबा मंथन चला।

दरअसल भारत में अंग्रेजों के आगमन और आजादी के आंदोलन के दौरान हुए संघर्ष ने संविधान के निर्माण की बुनियाद डाल दी। 1600 ईस्वी में अंग्रेज ईस्ट इंडिया कंपनी के जरिए भारत आए। शुरुआत में व्यापारिक कामकाज तक सीमित रहने वाले अंग्रेज़ों ने 1775 में बंगाल, बिहार और उड़ीसा के राजस्व और दीवानी न्याय के अधिकारों पर कब्जा जमा लिया।

1857 के सिपाही विद्रोह के बाद तो ब्रितानी हुकूमत ने आधिकारिक तौर पर भारत का शासन अपने हाथ में ले लिया। और यहीं से शुरू हुई असली आजादी की जद्दोजहद। लंबे संघर्ष के बाद 1930 आते आते देश में पूर्ण स्वराज का माहौल बन चुका था। इस दौरान संविधान निर्माण की मांग भी जोर पकड़ने लगा था। हालांकि भारत के संविधान निर्माण का निश्चित उल्लेख, जो भले ही इन शब्दों में या इस नाम विशेष से न हो, सर्वप्रथम मांग बाल गंगाधर तिलक ने 1895 में स्वराज बिल के जरिए की थी। वहीं, भारत शासन एक्ट 1919 के लागू होने के बाद 1922 में महात्मा गांधी ने संविधान सभा और संविधान निर्माण की मांग की और कहा कि जब भी भारत को स्वाधीनता मिलेगी तो भारतीय तो भारतीय संविधान का निर्माण भारतीय लोगों की इच्छाओं से होगा।

### नेहरू रिपोर्ट और संविधान सभा की औपचारिक मांग

अगस्त 1928 में भारत के संविधान का सिद्धांत निर्धारित करने के लिए मोतीलाल नेहरू की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई। इस समिति की रिपोर्ट नेहरू रिपोर्ट के नाम से मशहूर हुई। 1934 में कांग्रेस कार्यकारिणी ने वयस्क मताधिकार के आधार पर निर्वाचित संविधान सभा द्वारा एक संविधान तैयार करने की मांग की। यह पहला मौका था जब संविधान सभा के लिए औपचारिक रूप से एक निश्चित मांग पेश की गई। इसके बाद 1936 में कांग्रेस के लखनऊ अधिवेशन में संविधान सभा द्वारा संविधान निर्माण की मांग की गई। 1938 में कांग्रेस के पंडित जवाहरलाल नेहरू ने घोषणा की कि स्वतंत्र भारत के संविधान का निर्माण वयस्क मताधिकार के आधार पर चुनी गई संविधान सभा करेगी और इसमें कोई बाहरी हस्तक्षेप नहीं होगा। नेहरू की इस मांग को 1940 में ब्रिटिश सरकार ने मान लिया जिसे अगस्त प्रस्ताव के नाम से जाना जाता है।

### क्रिप्स मिशन और कैबिनेट मिशन का भारत आगमन

जैसे-जैसे भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन जोर पकड़ता गया, ब्रिटिश हुकूमत पर संविधान निर्माण के लिए संविधान सभा के गठन का दबाव भी बढ़ता गया। इसी दबाव में, 1942 में ब्रिटिश सरकार के कैबिनेट मंत्री सर स्टैफोर्ड क्रिप्स अपने साथियों के साथ भारत के स्वतंत्र संविधान के प्रारूप के प्रस्ताव के साथ भारत आए। क्रिप्स प्रस्ताव को मुस्लिम लीग ने अस्वीकार कर दिया। मुस्लिम लीग भारत को दो स्वायत्त हिस्सों में बांटने की मांग कर रहा था।

आखिरकार, 1946 में ब्रिटिश हुकूमत ने तीन सदस्यीय कैबिनेट मिशन को भारत भेजा। इसमें लॉर्ड पेथिक लॉरेंस, सर स्टैफर्ड क्रिप्स और ए वी अलेक्जेंडर शामिल थे। कैबिनेट मिशन ने मुस्लिम लीग की दो संविधान सभाओं की मांग को खारिज कर दिया और कुछ अहम सुझाव दिए।

### कैबिनेट मिशन और संविधान सभा के लिए चुनाव

कैबिनेट मिशन ने एक महत्वपूर्ण काम यह किया कि मुस्लिम लीग को उनकी मांगों को दायरे में ही एक संविधान सभा के गठन पर राजी कर लिया। कैबिनेट मिशन योजना के तहत संविधान निर्माण सभा के लिए कुल सदस्य संख्या 389 निर्धारित की गई। इनमें से 292 सदस्य ब्रिटिश भारत के 11 प्रांतों से, 4 सदस्य चीफ कमिश्नरों के चार प्रांतों यानी दिल्ली, अजमेर-मारवाड़, कुर्ग और ब्रिटिश बलूचिस्तान से एक-एक और बाकी 93 सदस्य भारतीय रियासतों से चुने जाने थे।


आखिरकार, जुलाई से अगस्त 1946 के बीच संविधान सभा की कुल 389 सीटों में से ब्रिटिश भारत के लिए आवंटित 296 सीटों पर चुनाव हुआ। इसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को 208, मुस्लिम लीग को 73 और छोटे समूहों और स्वतंत्र सदस्यों को 15 सीटें मिलीं। भारतीय रियासतों ने खुद को सभा से बाहर रखने का फैसला किया इसलिए वो सीटें भर नहीं पाईं।

संविधान सभा की पहली बैठक 9 दिसंबर 1946 को नई दिल्ली के कॉन्स्टिट्यूशन हॉल, जिसे अब संसद भवन के केंद्रीय कक्ष के रूप में जाना जाता है, में हुई। इसमें महात्मा गांधी को छोड़कर उस वक्त के राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़ी करीब हर बड़ी शख्सियत शामिल थी।

# खत्म होगा यूक्रेन युद्ध?

व्लादीमीर पुतिन की यह टिप्पणी इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यूक्रेन के समर्थक पश्चिमी देशों- खासकर अमेरिका में भी युद्ध खत्म कराने के उपायों पर चर्चा होने लगी है। वहां ये आम धारणा बन गई है कि यूक्रेन अब जीत सकने की स्थिति में नहीं है।

अध्यक्ष भारत की पहल पर हुई जी-20 के नेताओं की ऑनलाइन बैठक में दिया गया रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन का भाषण इस लिहाज से अहम रहा कि उसमें उनकी तरफ से पहली बार 'यूक्रेन की त्रासदी' का अंत करने की चर्चा की गई। पुतिन ने कहा- 'निश्चित तौर पर सैनिक कार्रवाईयां हमेशा ही त्रासद होती हैं। और अब निश्चित रूप से हमें यह सोचना चाहिए कि ये त्रासदी कैसे रुकेगी। जहां तक रूस का सवाल है, उसने यूक्रेन के साथ शांति वार्ता से



कभी इनकार नहीं किया है।' पुतिन की यह टिप्पणी इसलिए महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि यूक्रेन के समर्थक पश्चिमी देशों- खासकर अमेरिका में भी युद्ध खत्म कराने के उपायों पर चर्चा होने लगी है। वहां ये आम धारणा बन गई है कि यूक्रेन अब जीत सकने की स्थिति में नहीं है। इस वर्ष गर्मियों में उसने नाटो (उत्तर अटलांटिक संधि संगठन) के पूरे समर्थन जो जवाबी हमला किया, वह एक गलत दांव साबित हुआ। उसमें उसके हजारों सैनिक मारे गए और वह अपना एक भी सैनिक लक्ष्य हासिल नहीं कर पाया। इसको लेकर यूक्रेन में मतभेद गहराते चले गए हैं।

इसी दौरान राष्ट्रपति वोलोदीमीर जेलेन्स्की ने देश के सेना प्रमुख को बर्खास्त कर दिया। चूंकि यूक्रेन के जरिए रूस को परास्त करने की रणनीति अब कामयाब होती नहीं दिखती, इसलिए अमेरिका में यूक्रेन को आगे और मदद देने के सवाल पर राजनीतिक विवाद गहरा गया है। विपक्षी रिपब्लिकन पार्टी अब किसी सहायता प्रस्ताव को समर्थन देने के मूड में नहीं है। वहां के कुछ रणनीतिकारों ने टीवी चर्चाओं में आकर यूक्रेन को सलाह दी है कि वह अपने गंवाए इलाकों को वापस पाने की बात छोड़ दे और फिलहाल जितना उसके पास है, उसे बचाने की चिंता करे। जाहिर है, पुतिन ने इस स्थिति को अपने लिए अनुकूल माना है। इसके मद्देनजर उन्होंने ऐसा बयान दिया है, जिसे शांति वार्ता की परोक्ष पेशकश समझा जा सकता है। जेलेन्स्की को इस प्रस्ताव मंजूर होगा या नहीं, कहना कठिन है। लेकिन अमेरिकी नेतृत्व ने अगर इस मसले से निकलने का मन बनाया, तो संभवतः उनके पास कोई और विकल्प भी नहीं रह जाएगा।

# लाभार्थी मतदाताओं की अकथ कहानी

हरिशंकर व्यास

भारत में हमेशा मतदाताओं को कई समूह रहे हैं। अलग अलग पार्टियां अलग अलग समूहों को टारगेट करती हैं। अल्पसंख्यक मतदाताओं का एक बड़ा समूह है, जिसके तुष्टिकरण का आरोप लगा कर भाजपा ने कांग्रेस को कठघरे में खड़ा किया। हिंदुत्व का एक मतदाता समूह है, जो पहले भारतीय जनसंघ और बाद में भारतीय जनता पार्टी, शिव सेना आदि पार्टियों के साथ रहता है। पिछड़ी जातियों का एक समूह है, जो मंडल की राजनीति के बाद प्रादेशिक समाजवादी पार्टियों के साथ रहता है तो दलित जातियों का एक मतदाता समूह है, जो पहले कांग्रेस के साथ जाता था और फिर उसकी क्षमता को समझ कर कांशीराम व मायावती ने बहुजन समाज पार्टी बनाई, जिसके साथ जाने लगा। आदिवासी मतदाता समूह अलग है तो राज्यों में कहीं जाट, कहीं मराठा, कहीं रेड्डी, कहीं लिंगायत तो कहीं वोक्कालिगा का मतदाता समूह है। लेकिन अब लाभार्थी मतदाताओं का एक समूह बन गया है।

ऊपर बताए गए सभी समूहों में लाभार्थी मतदाता हैं। गरीब भी और मध्य वर्ग के लोग भी लाभार्थियों की सूची में आते हैं। देश की 90 फीसदी आबादी को कोई न कोई छोटा-मोटा लाभ मिल रहा



है। 10 फीसदी के अंदर दो-तीन फीसदी का एक समूह ऐसा है, जिसे इन घोषित लाभों में से कुछ नहीं मिलता है लेकिन देश के संसाधनों के बड़े हिस्से पर उसका नियंत्रण होता है। बहरहाल, देश की एक बड़ी आबादी ऐसी है, जिसे पार्टियों की ओर से दी गई सारी गारंटियों के लाभ मिल रहे हैं। सोचें, तब फिर उसे कोई भी काम करने की क्या जरूरत है? आज अगर कोई परिवार चाहे तो बिना कोई काम किए आराम से गुजर-बसर कर सकता है। लेकिन वह सिर्फ गुजर-बसर होगी। न तो उसका जीवन स्तर सुधरेगा और न देश का स्तर सुधरेगा।

कल्पना करें किसी परिवार को सारी गारंटियों का पूरा लाभ मिले तो क्या तस्वीर बनेगी? अगर पांच लोगों का परिवार है तो उसे 25 किलो अनाज पूरी तरह मुफ्त में मिलेगा। राज्य सरकारें भी इसी अनुपात में मुफ्त में अनाज देती हैं। इसका मतलब है कि पांच आदमी के परिवार को 50 किलो अनाज मिल जाएगा। कई राज्यों में तेल, दाल और नमक भी दिए जाते हैं, खासकर चुनावों के समय। हालांकि जरूरी नहीं है कि वह इस अनाज से खाना बना कर खाए। क्योंकि कहीं अम्मा रसोई है तो कहीं इंदिरा रसोई है, जहां पांच रुपए, 10 रुपए में खाना मिल रहा है। अगर वह खाना बना कर खा भी रहा है तब भी उसके पास काफी मात्रा में अनाज बच जाता है। सो, कच्चे अनाज का बड़ा हिस्सा खुले बाजार में बिकने के लिए पहुंच जाता है।

अगर परिवार में दो वयस्क महिलाएं हैं तो ढाई से तीन हजार रुपए नकद खाते में आ जाएंगे। अगर दो लोग किसान के तौर पर रजिस्टर्ड हैं तो एक हजार रुपया उसका महीना आ जाएगा। अगर एक बुजुर्ग सदस्य है तो उसे वृद्धावस्था का और अगर कोई बेरोजगार है तो उसे बेरोजगारी भत्ता के नाम पर भी कुछ पैसे मिल जाते हैं। बच्चा स्कूल जाता है तो उसे पढ़ाई के साथ साथ पोशाक और खाना मुफ्त में मिलता है और हर साल कुछ पैसे भी मिलते हैं। अगर मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बन जाए तो नर्सरी से ही बच्चों को हर महीने नकद पैसे मिलने लगेंगे। घर में मुफ्त में बिजली आ रही है और उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन मिला हुआ है तो बहुत मामूली कीमत पर सिलेंडर भी मिल रहा है। इलाज के लिए हर राज्य ने बीमा सेवा शुरू कर रखी है, जिससे जो लोग सरकारी अस्पताल में इलाज नहीं कराते वे निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज करा लेते हैं। कई जगह अस्पतालों और बीमा कंपनियों की मिलीभगत से जो खेल चल रहा है वह अलग है।

सस्ते कर्ज की मुद्रा योजना, विश्वकर्मा योजना, छात्र क्रेडिट कार्ड योजना से पैसे लेकर उसका इस्तेमाल अलग हो रहा है। कहीं शौचालय बनाने का पैसा आ गया तो कहीं प्रधानमंत्री आवास योजना में पैसा आ गया। शौचालय और आवास की योजना में पंचायतों में प्रमुखों के साथ मिल कर पैसे का जैसा बंदरबांट होता है उसका हिसाब नहीं है। इसी तरह मनरेगा की योजनाओं में होता है। मुखिया और लाभार्थी की साझा समझदारी से जियो और जीने दो का खेल चलता है। कुल मिला कर एक परिवार को खाने की जरुरत से ज्यादा अनाज और पांच से आठ-दस हजार रुपए तक महीना मिल जाता है या अगले कुछ दिनों में मिलने लगेगा। इस समूह में बड़ी आबादी ऐसी है, जिसके पास कोई काम नहीं है और न उसे कोई काम करने की जरूरत महसूस होती है। सोचें, इजराइली बौद्धिक युवाल नोवा हरारी और अमेरिकी कारोबारी इलॉन मस्क कह रहे हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस की वजह से दुनिया की बड़ी आबादी बेमतलब हो जाएगी। उसके पास कोई काम नहीं होगा। लेकिन भारत में तो उससे पहले ही करोड़ों लोग उस दशा में पहुंच गए हैं! बेगारी दिमाग के बेगारी करोड़ों लोग!

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### नाफेड द्वारा हर जिले में साथी बाजार

**रायपुर।** प्रदेश के हर जिले में साथी बाजार बनाया जाएगा। इसके संचालन के लिए हर जिले में 10 हजार महिलाओं का किसान उत्पादक कंपनी के रूप में गठन होगा। इसका गठन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से होगा। छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। चैंबर द्वारा प्राथमिक रूप से मिलेट्स उत्पादों और स्थानीय उत्पादों को प्रत्येक साथी बाजार में स्थान दिलाया जाएगा। इस संबंध में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में संचालक अनुसंधान सेवाएं की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कामर्स, नाफेड नई दिल्ली, छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास लिमिटेड, उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, छत्तीसगढ़ उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हैंडीक्राफ्ट बोर्ड तथा सेरीकल्चर विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। नाफेड भारत सरकार की केंद्रीय कोआपरेटिव है, जो गत 50 वर्षों से कृषि एवं कृषकों के हित में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। नाफेड ने देश के कृषकों की आय दोगुना करने, आत्मनिर्भर भारत, मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से साथी परियोजना देशभर में शुरू की है। इस योजना के तहत देशभर में प्रत्येक जिले में साथी बाजार स्थापित किया जाएगा। सभी साथी बाजार एक-दूसरे से नेटवर्क के माध्यम से जुड़े रहेंगे। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के कृषकों एवं उद्यमियों को योजना का लाभ देने के दृष्टिकोण से नाफेड के साथ अनुबंध कर योजना के क्रियान्वयन के लिए इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर को लीड एजेंसी तथा छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड रायपुर को सहयोग एजेंसी बनाया गया है।

### शहर में अब फ्री हुआ इंटरनेट, शहरवासी ले रहे अनलिमिटेड नेट का मजा

**बिलासपुर।** डिजिटल सेवा के क्षेत्र में बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने शहर को एक बड़ी सुविधा के रूप में हाई स्पीड फ्री वाई-फाई की सेवा दे रही है। जिसमे कोई भी अनलिमिटेड एक्सेस कर सकता है। फ्री वाई-फाई की सुविधा लेने के लिए सिर्फ पंजीयन की प्रक्रिया से गुजरना होगा, इसके बाद शहर में जहां भी इसकी सुविधा दी गई है, उसके दायरे में आते ही वाई-फाई ओपन करने पर खुद ब खुद मोबाइल में इंटरनेट शुरू हो जाएगा और इसके बाद अनलिमिटेड नेट का आनंद लिया जा सकता है। स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुताबिक, वाई-फाई के लिए 20 स्थानों का चयन पहले ही कर लिया गया था। इसमें शहर के भीड़-भाड़ वाले स्थानों का चयन किया गया है। जहां पर सुबह से ही नागरिको का आना-जाना लग जाता। इन प्रमुख स्थानों का चयन करने के बाद स्मार्ट सिटी द्वारा फ्री वाई-फाई माडल लगाकर फ्री नेट की सुविधा शुरू कर दी गई है। ये ऐसे स्थान है जहां पर व्यक्ति अपना क्वालिटी टाइम बिताने के साथ ही फ्री इंटरनेट के जरिए अपने जरुरी कार्य भी निपटा सकते हैं। शहर को स्मार्ट बनाने की दिशा में बिलासपुर स्मार्ट सिटी द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है, जिसमें अलग-अलग प्रोजेक्ट पर कार्य जारी है। इसी कड़ी में शहरवासियों को एक और सुविधा दी गई है। स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत लगे वाईफाई से एक बार जुड़ने के बाद लोग अनलिमिटेड इंटरनेट का उपयोग कर रहे हैं। शहर के 20 स्थानों पर फ्री वाई-फाई सेवा स्थायी रूप से शुरू की गई है। इसमें कलेक्टोरेट, जिला न्यायालय, रजिस्ट्री कार्यालय, तहसील कार्यालय, विकास भवन, रिवर व्यू रोड, डा एपीजे अब्दुल कलाम प्लेनेटेरियम, सत्यम चौक से अग्रसेन चौक तक शामिल हैं।

# ठंड की दस्तक के साथ लचकेरा से प्रवासी पक्षी लौटने लगे स्वदेश

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। ग्राम लचकेरा में मानसून के प्रारंभ में आए विदेशी पक्षी ठंड की दस्तक के साथ ही स्वदेश लौटने लगे हैं। श्रीलंका सहित कई देशों से आने वाले पक्षियों का प्रवास काल पूरा हो चुका है। अब वे अपने बच्चों के साथ मीलों का सफर पूरा कर स्वदेश पहुंचेंगे।

ग्राम लचकेरा में मानसून के प्रारंभ में आए विदेशी पक्षी ठंड की दस्तक के साथ ही स्वदेश लौटने लगे हैं। श्रीलंका सहित कई देशों से आने वाले पक्षियों का प्रवास काल पूरा हो चुका है। अब वे अपने बच्चों के साथ मीलों का सफर पूरा कर स्वदेश पहुंचेंगे। दशकों से यह खास किस्म के पक्षी घोंगिल ओपन बिल्ड स्टार्क विकासखंड फिंगेश्वर के ग्राम लचकेरा को अपने प्रवास का सबसे प्रिय स्थान बना लिया है।

मानसून का मानते हैं

मिली जानकारी के अनुसार यह पक्षी यहां प्रजनन के लिए आते हैं। पक्षियों का आगमन जून महीने में होता है। यह वह माह होती है जब शिव की आराधना के पवित्र माह सावन की भी शुरुआत होती है। भगवान शिव की आराधना के लिए प्रख्यात कनेकेराधाम में पक्षियों का आगमन शिव की आराधना से जुड़ा हुआ है। यहां के ग्रामीण इन पक्षियों को आस्था से जोड़कर देखते है। बरसात की



शुरुआत में इनका आगमन होने के कारण इन्हें मानसून का भी माना जाता है। अब ठंड की शुरुआत होते ही पक्षी वापस लौटने लगे हैं।

स्थानीय लोगों को कई बीमारियों से मिलती है मुक्ति

प्रवासी पक्षी अपने घोसले गांव के इमली, बरगद, पीपल, बबूल व बांस के पेड़ों पर बनाते है। स्टार्क पक्षी 10 से 20 हजार की संख्या तक अपने घोंसले बनाते हैं। एक पेड़ पर 40 से 50 घोसले हो सकते हैं। प्रत्येक घोसले में चार से पांच अंडे होते है। सितंबर के अंत तक इनके चूजे बड़े होकर उडने लायक हो जाते हैं। इनके घोसलों का स्थान भी निश्चित होता है। जहां प्रत्येक वर्ष यह जोड़ा उन्ही टहनियों पर घोसला रखता है, जहां पूर्व के वर्ष में था। इन पक्षियों के प्रवास से यहां के स्थानीय निवासियों में लीवर फ्लूक जैसी बीमारियां (जो मनुष्य व उनके पालतू जानवरों में बुखार, यकृत की बीमारी, पित्ताशय की पथरी, डायरिया आदि पेट से संबंधित बीमारी के कारण बनते हैं) काफूर हो जाती है।

#### प्रजनन के लिए मिलता है उपयुक्त वातावरण

चूंकि इन परजीवियों का वाहक घोंघा मोलस्क होता है। जिसके द्वारा खेतों में काम करने वाले मनुष्यों और जलाशयों व चरागाहों में चरने व पानी पीने वाले पशुओं को यह परजीवी संक्रमित कर देता है। इन पक्षियों की मौजूदगी से यहां घोंघे लगभग पूरी तरह से नष्ट हो जाते हैं। जिससे यह परजीवी अपना जीवनचक्र पूरा नहीं कर पाते और इनसे फैलने वाला संक्रमण रुक जाता है। इन रोगों की यह एक प्राकृतिक रोकथाम है। इन पक्षियों के मल में भी फॉस्फोरस नाइट्रोजन यूरिक एसिड आदि कार्बनिक तत्व पाया जाता है। जो पानी के साथ बहकर आसपास के खेतों की उर्वरकता बढ़ाती है। लचकेरा गांव की जलवायु में प्रवासी पक्षियों को प्रजनन काल के लिए उपयुक्त वातावरण मिलता है। जिसके कारण ही यहां पिछले कई दशकों से यह सिलसिला लगातार चलता आ रहा है। मुख्यतौर पर ये पक्षी दक्षिण पूर्व एशिया, श्रीलंका और दक्षिण भारत में पाए जाते हैं। जिनकी 20 से अधिक प्रजातियां विश्व में मौजूद है।

## रायगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर किया जा रहा सौन्दर्यीकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायगढ़।** अमृत भारत योजना के तहत रायगढ़ रेलवे स्टेशन के सौंदर्यीकरण का कार्य विगत सप्ताहभर से शुरू हो गया है। यहां जगह कम होने के कारण निर्माण एजेंसी को भी समस्या हो रही है। इसको देखते हुए इन दिनों जोन के अधिकारियों का लगातार दौरा हो रहा है। शुक्रवार को बिलासपुर जोन से अधिकारियों की टीम सौंदर्यीकरण का जायजा लेने पहुंची थी। जहां ट्रेन आने के दौरान स्टेशन के बाहर वाहनों की संख्या को देखते हुए इसे कैसे व्यवस्थित किया जाए ताकि यात्रियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

स्थानीय अधिकारियों से चर्चा कर नाप-जोख की। यहां सबसे बड़ी समस्या पार्किंग की मिली। वर्तमान में वाहनों की संख्या को देखते हुए कार पार्किंग का एरिया काफी छोटा पड़ रहा



है। इसके अलावा वर्तमान में आटो पार्किंग के लिए भी कोई व्यस्थित जगह नहीं है, जिसके चलते ट्रेन आते ही यहां अव्यवस्था फैल जाता है। टीम द्वारा कार पार्किंग के एरिया को काली मंदिर के आगे तक बढ़ाने का फैसला लिया गया है।

इसके साथ ही आटो पार्किंग के लिए दो जगह को चयन किया गया है, लेकिन अभी फायनल नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि कार व आटो पार्किंग को अगल-बगल रखने की तैयारी है, ताकि स्टेशन से निकलने पर यात्रियों को एक ही जगह में दोनों सुविधा मिल सके। इसके साथ ही सड़क चौड़ीकरण के लिए भी नापी किया गया, जिसमें बड़ी मुश्किल से 10 मीटर का सड़क निकल पाया है। ऐसे में बताया जा रहा है कि इस 10 मीटर की सड़क को हमेशा खाली रखा जाएगा, ताकि समस्या न हो। जायजा लेने पहुंची टीम के सदस्यों ने बताया कि सौंदर्यीकरण का कार्य पूरा होने में करीब चार से पांच साल का समय लग जाएगा। तब तक कार्य चलने के कारण थोड़ी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। हालांकि इसके बाद यहां की व्यवस्था ऐसी होगी कि रायगढ़ स्टेशन भी महानगरों की तरह दिखेगा। हालांकि यहां जगह बहुत कम है, लेकिन इसके बाद भी पूरी व्यवस्थित तरीके से कार्य कराया जा रहा है। इस संबंध में आटो चालकों का कहना था कि रेलवे द्वारा एक साथ सभी कार्य को कराया जा रहा है। ऐसे में अभी वर्तमान समय में स्टेशन के बाहर आटो खड़ी करने की जगह नहीं मिल पा रहा है, जिससे इनकी कमाई मार खा रही है, लेकिन इसके बाद भी पार्किंग चार्ज लिया जा रहा है। वर्तमान में यहां से प्रतिदिन 100 से 120 आटो चलती है, इस स्थिति में अगर आटो खड़ी करने के लिए जगह मिल जाता तो काफी सहुलियत होती।

## रिद्धि सिद्धि सिंधी समाज ने किया प्रभात फेरी का भव्य स्वागत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** सिंधी समाज द्वारा गत वर्षों की तरह इस बार भी शिवसेवा मंडल हेमू कलानी नगर के तत्वाधान से प्रत्येक सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है शनिवार को रिद्धि सिद्धि सिंधी समाज द्वारा प्रात: प्रभात फेरी का भव्य स्वागत किया गया व मंदिर प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था।

इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु गणों ने उपस्थित होकर कीर्तन का लाभ उठाया । कार्यक्रम में विशेष रूप से डॉक्टर मुरली शर्मा एवं मोहनलाल भक्तानी, मोहित भगतानी द्वारा भजनों का गायन किया गया ।

रिद्धि सिद्धि सिंधी समाज के अध्यक्ष रमेश गंगवानी व सचिव शंकर ज्ञानचंदानी ने बताया कि प्रभात फेरी के माध्यम से धर्म गुरुओं की शिक्षाओं को प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचाया जाता है जिससे मानव कल्याण हो सके । प्रत्येक वर्ष प्रभात फेरी का आयोजन शिव सेवा मंडल द्वारा किया जाता है।

इस दौरान समाजसेवी , आवत राम तेजवानी. , गुरमुख दास वाधवा, बृजलाल वाधवानी ,लकी रूपवानी आसर जामुनानी, अनूप दरयानी, पहलाद अंदानी, लोकचंद ,व बड़ी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित रहे।

# सतरेंगा में सैलानियों को एक ही छत के नीचे मिलेगी दुलर्भ वन्यजीवों की झलक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कोरबा।** आसमान की ऊंचाइयों के नीचे दूर तक फैले सतरेंगा के नीले पानी का समुद्री नजारा पहले ही पर्यटकों का दिल जीत चुका है। अपने मनोहारी वादियों के लिए प्रसिद्ध इस स्थल में खूबियां बढ़ाने की तैयारी चल रही है। सतरेंगा की सैर पर आने वाले सैलानियों को जल्द ही ऐसे दुर्लभ वन्य जीवों की झलक भी मिलेगी, जो आम तौर पर हमारी दुनिया से ओझल रहते हैं। सतरेंगा में इन वन्य प्राणियों का ऐसा बसेरा बनाया जाएगा, जो पर्यटन और अध्ययन की दृष्टि से प्रदेश में आकर्षण का प्रमुख केंद्र साबित होगा।

इस दिशा में पहला कदम बढ़ाते हुए वन विभाग ने एक प्रपोजल भी मुख्यालय भेज दिया है। कोरबा वनमंडल के डीएफओआई अरविंद पीएम के निर्देश पर एसडीओ आशीष खेलवार और बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी



जयंत सरकार ने संतरेंगा में एक ही कैंपस में विभिन्न वन्य प्राणियों की जानकारियां उपलब्ध कराने एक विशेष कार्ययोजना तैयार की है। इसमें इस बात पर फोकस किया जा रहा है कि सतरेंगा आने वाले पर्यटकों को इन बातों की जानकारी मिल सके कि कोरबा वनमंडल में कौन-कौन से जीव पाए जाते हैं। उनकी विशेषता क्या-क्या है। इस तरह यहां आने वाले पर्यटकों को कोरबा के जंगल और वन्य प्राणियों की बखूबी जानकारी मिल सकेगी। फिलहाल बालको वन परिक्षेत्र अधिकारी ने एक प्रस्ताव बनाकर प्रस्तुत किया है। इस पर स्वीकृति मिलने के बाद ही आगे की प्रक्रिया शुरू की जा सकेगी। देश के विभिन्न राज्यों और प्रदेश के विभिन्न जिलों से यहां हर साल बड़ी संख्या में पर्यटक पिकनिक के लिए पहुंचते हैं। योजना के धरातल पर आने से इस पर्यटन केंद्र में कोरबा वनमंडल में पाए जाने वाले छोटे से लेकर बड़े जीवों की झलक सैलानियों को एक ही जगह पर मिल सकेगी, जिसके लिए वन विभाग ने प्रयास शुरू कर दिया है।

वन, वन्य प्राणी और वनस्पति विज्ञान की दृष्टि से वैज्ञानिकों ने भी यह माना है कि कोरबा के जंगल और जैव विविधता काफी दुर्लभ है। समय समय पर यहां ऐसे वन्य प्राणियों और वनस्पतियों को देखा गया, जिनके यहां होने की कल्पना नहीं की जा सकती थी। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ में कोरबा ही ऐसा इलाका है, जहां किंग कोबरा, उडन गिलहरी, ऊदबिलाव और पैंगोलिन जैसे विलुप्त प्रजाति के जीव, खोबसूरत तितलियां जैसे अन्य प्राणियों की मौजूदगी है। बस्तर में पाए जाने वाले हॉर्नबिल नामक पक्षी भी लेमरू और बालको रेंज में देखे गए हैं। सतरेंगा पर्यटन केंद्र बांगो डुबान का पूरा इलाका है। मिलों फैली इस विशाल जल राशि के चारों ओर हरे भरे जंगल हैं, जो इस क्षेत्र को हरे नीले झील की खुबसूरत छटा प्रदान करता है। पहले ही इसे संवारने के लिए राज्य सरकार ने पहल की है और अब सतरेंगा पर्यटन केंद्र ने छत्तीसगढ़ के मानचित्र में अलग स्थान बना लिया है। हर साल इस केंद्र में पिकनिक मनाने के लिए और हरे भरे वादियों के नजारे को कैद करने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। इन सभी वन्य प्राणियों के बारे में विभाग एक ही छत के नीचे लोगों को सारी जानकारी उपलब्ध कराने का प्रयास करेगी, ताकि पर्यटकों की संख्या और बढ़ सके।

### रायपुर में भारत- ऑस्ट्रेलिया का महामुकाबला!

# टिकट लेने उमड़ी लोगों की भीड़ छात्रों के लिए रहेगी विशेष छूट

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम की मेजबानी में 1 दिसंबर को होने वाले भारत- ऑस्ट्रेलिया टी 20 मैच को लेकर दर्शकों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।



शुक्रवार को पेटीएम में बुकिंग शुरू होने पर शाम तक जनरल टिकट आधे से अधिक बुक हो गए, वहीं वीआईपी गैलरी सिल्वर, गोल्ड और प्लेटिनम की टिकट सोल्डआउट दिखा रहा था। क्रिकेटप्रेमी पेटीएम और पेटीएम इनसाडर ऐप के माध्यम से अपनी टिकट ऑनलाइन बुक करा रहे है। एक परिचय पत्र से चार टिकट बुक करा सकते है। इसके अलावा छात्रों को 28 नवंबर से केवल ऑफ लाइन टिकट बेचा जाएगा। दर्शक अपने फिजिकल टिकट इंडोर स्टेडियम से ले सकेंगे।

छात्रों को केवल ऑफलाइन टिकट बेचा जाएगा। 28 नवंबर से छात्रों को इंडोर स्टेडियम में सुबह 11 बजे से ये मिलने शुरू होंगे। परिचय पत्र दिखाने पर छात्र 1000 रुपए में टिकट खरीद सकेंगे। एक परिचय पत्र पर एक टिकट ही खरीद सकेंगे।

जनरल कैटेगरी की अपर लेवल में 1300 सीटों का कोटा छात्रों के लिए निर्धारित है। पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर छात्रों को टिकट मिलेगा।


ॐ साई राम
माँ पुस्तक भंडार



होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...




### स्टेट बर्ड की स्टेच्यू बढ़ाएगी शहर की शोभाः नगर निगम मुख्यालय के सामने कबाड़ से तैयार हुई पहाड़ी मैना की मूर्ति

**रायपुर ( ए )।** रायपुर नगर निगम मुख्यालय के सामने छत्तीसगढ़ की राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना की बड़ी प्रतिमा लगाई गई है। कबाड़ से बनी इस प्रतिमा का लोकार्पण शनिवार को किया गया। इस पहाड़ी मैना को नगर निगम, हीरा ग्रुप और यंग इंडिया ग्रुप के सहयोग से बनाया गया है।

### एनआईटी रायपुर में तीन चरणों में किया गया मॉक प्लेसमेंट का आयोजन, विद्यार्थियों में दिखा उत्साह



**रायपुर ( पीआईबी )।** नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी रायपुर के स्टूडेंट्स के लिए शनिवार को मॉक प्लेसमेंट का आयोजन किया गया। यह आयोजन सहयोग दि मेंटरशिप क्लब की ओर से किया गया। हर कपनियों के आने से पहले इंस्टिट्यूट में मॉक प्लेसमेंट किया जाता है ताकि जॉब प्लेसमेंट के दौरान स्टूडेंट अपना बेस्ट दे पाए।

एनआईटी में आयोजित मॉक प्लेसमेंट में सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट इंजीनियर, डेटा एनालिस, कोर जॉब इन प्रोफाइल के लिए सभी ब्रांच के स्टूडेंट्स शामिल हुए । मॉक प्लेसमेंट के इंटरव्यू राउंड में स्टूडेट से कोडिंग, पर्सनेलिटी, कम्युनिकेशन स्किल्स, कोर नॉलेज को टेस्ट किया गया।

#### *तीन राउंड में हुआ मॉक प्लेसमेंट*

एनआईटी में आयोजित मॉक प्लेसमेंट तीन राउंड में किया गया। पहला राउंड एक एप्टीट्यूड टेस्ट ,दूसरा राउंड एक ग्रुप डिस्कशन किया गया। पहले राउंड में 1000 स्टूडेंट शामिल हुए उनमें से दूसरे राउंड के लिए 160 स्टूडेंट का सलेक्शन हुआ तीसरे और अंतिम राउंड में 80 लोगो ने भाग लिया।

#### *एलुमनी ने लिया इंटरव्यू*

तीसरे राउड में पहुचने 80 वाले स्टूडेट का ऑनलाइन इंटरव्यू लिया गया। यह इंटरव्यू राउंड में एनआईटी रायपुर में पास आउट हो चुके स्टूडेंट पैनल में शामिल थे। सभी एलुमनी नामी कंपनियों में अपना काम बखूबी कर रहे है। अंतिम राउंड में शामिल हुए प्रतिभागियों से कोडिंग और कोडिंग लैंग्वेज संबंधित सवालों के साथ साथ पर्सनैलिटी डिवेलपमेंट के सवाल भी पूछे गए।

### राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना से यादव नृत्य महोत्सव शुरू

**रायपुर ( ए )।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज खल्लारी राजुला के तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय 21 दुर्गा मैदान में आयोजित यादव नृत्य महोत्सव का शुभारंभ पाठ्यपुस्तक निगम के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने राधा-कृष्ण की पूजा-अर्चना और दोहा बोलकर मुख्य अतिथि के रूप में किया। इस दौरान समाज के संरक्षक जगत यादव ने यादव समाज को श्रीकृष्ण का वंशज और कर्मयोगी बताया तो सुरेंद्र यादव ने कहा कि सुहेला में पिछले 3 सालों से आयोजित महोत्सव को आने वाले दिनों में भव्य रूप प्रदान किया जाएगा। अहीर नृत्य महोत्सव में भांठागांव, सलोनी, भिलौनी, तिल्दाबांधा, डोंगरिया, बांसमुड़ा (महासमुंद), सिनोधा और सुहेला सहित विभिन्न गांव के यादव नर्तक दल ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता झेरिया यादव समाज के अध्यक्ष जगनीक यादव ने की।

# 4 ईयर ग्रेजुएशनः हर विषय में पास होने के लिए 40 फीसदी नंबर जरूरी

**रायपुर (ए)।** राजधानी के साइंस कॉलेज में पासिंग मार्क्स विवाद खत्म हो गया है। अब सेमेस्टर परीक्षा में किसी भी विषय में पास होने के लिए 40 प्रतिशत नंबर जरूरी होगा। इसे ही मान्य किया गया है। दरअसल, फर्स्ट सेमेस्टर के रिजल्ट आने के बाद फेल हुए छात्रों ने 33 प्रतिशत पासिंग मार्क्स का हवाला देते हुए कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। मामले का निपटारा होने के बाद कॉलेज प्रबंधन ने सेकंड सेमेस्टर परीक्षा की तारीख भी घोषित कर दी है। यह परीक्षा पांच महीने से अटकी है। अधिकारियों ने बताया कि चार वर्षीय ग्रेजुएशन के ऑर्डिनेंस में जो प्रावधान हैं, सभी मान्य किए गए हैं।



जैसे, किसी विषय में पास होने के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत नंबर जरूरी है। इसी तरह दो सब्जेक्ट में एटीकेटी, इससे अधिक में फेल होने पर छात्र फेल हो जाएंगे। इसके साथ ही पुनर्मूल्यांकन का प्रावधान नहीं है। गौरतलब है कि साइंस कॉलेज में बीएससी में साढ़े सात सौ छात्र हैं। फर्स्ट सेमेस्टर का रिजल्ट इस साल फरवरी में आया। तब 140 छात्र फेल हुए। इनमें से ही कई फेल छात्र कोर्ट गए थे। साइंस कॉलेज के प्रिंसिपल पीसी चौबे का कहना है कि सेकंड सेमेस्टर परीक्षा को लेकर तैयारी की जा रही है। इसका शिड्यूल जारी कर दिया गया है।

#### एक दिसंबर से शुरू होगी सेमेस्टर परीक्षा

राजधानी के साइंस कॉलेज में सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा 1 दिसंबर से शुरू होगी। इसकी समय-सारणी जारी कर दी गई। इसके अनुसार 1, 4, 7, 11 और 14 दिसंबर को परीक्षा होगी। परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड 27 नवंबर को जारी किए जाएंगे। इसी तरह प्रैक्टिकल एग्जाम 16 दिसंबर से शुरू होंगे। प्रायोगिक परीक्षा का शिड्यूल बाद में जारी होगा।

#### सब्जेक्ट कोई भी हो, पासिंग मार्क्स का गणित ऐसा

राज्य के 8 ऑटोनोमस कॉलेजों में बीए, बीकॉम, बीएससी तीनों की पढ़ाई इसी सिस्टम से हो रही है। इसके तहत बीए के 100 नंबर के पर्चे में 80 नंबर थ्योरी और 20 नंबर इंटर्नल व असाइनमेंट के हैं। इसमें पास होने के लिए 40 प्रतिशत नंबर जरूरी है। कामर्स के लिए भी यही फार्मूला है। साइंस में जिन विषयों में प्रैक्टिकल है, उसमें 70 नंबर की थ्योरी और 30 नंबर का प्रैक्टिकल है। इसके तहत भी थ्योरी में पास होने के लिए 40 प्रतिशत अंक जरूरी है।

#### अन्य ऑटोनोमस कॉलेजों में अब तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा


प्रदेश में कुल 8 ऑटोनोमस कॉलेज हैं। इन कॉलेजों में पिछले साल से ग्रेजुएशन की पढ़ाई नए पैटर्न से इन कॉलेजों में रायपुर में तीन संस्थान जैसे, साइंस कॉलेज, डिग्री गर्ल्स और छत्तीसगढ़ कॉलेज शामिल हैं। इसी तरह शासकीय विश्वनाथ तामस्कर कला, विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग, शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव, शासकीय ई. राघवेंद्र राव स्नातकोत्तर विज्ञान महाविद्यालय बिलासपुर, शासकीय बिलासा कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर और शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर शामिल है। साइंस कॉलेज में अभी सेकंड सेमेस्टर की परीक्षा होगी। जबकि अन्य कॉलेजों में तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा होगी। इसकी तैयारी की जा रही है।

## बीएड और डीएलएड की खाली सीटों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**रायपुर ( ए )।** प्रदेश में बीएड और डीएलएड पाठ्यक्रमों की खाली सीटों के लिए प्रवेश प्रक्रिया फिर से शुरू की गई है। पहले दिए गए विकल्प के आधार पर 4 दिसंबर को तीसरी सूची जारी की जाएगी। बता दें कि बीएड में लगभग 2400 और डीएलएड में लगभग 800 सीटें खाली हैं।

विधानसभा चुनाव के चलते बीएड और डीएलएड में प्रवेश की प्रक्रिया रुक गई थी। चुनाव खत्म होने के बाद फिर से समय सारणी जारी कर दी है। तीसरी सूची 4 दिसंबर से जारी होने के साथ ही प्रवेश की प्रक्रिया शुरू होगी। यह प्रक्रिया 19 दिसंबर तक चलेगी।

एससीईआरटी द्वारा जारी दिशा-निर्देश के अनुसार प्रतीक्षा सूची के लिए जिन अभ्यर्थियों ने प्रथम एवं द्वितीय चरण में विकल्प फॉर्म जमा किया था और जिन्हें दोनों चरणों की



सूची में कॉलेज नहीं मिला है, उन्हें ही इस चरण की प्रवेश प्रक्रिया और प्रतीक्षा सूची में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा जिन्हें पहले कॉलेज आवंटित हो गया था, लेकिन उन्होंने प्रवेश नहीं लिया और इस चयन को निरस्त कराने के बाद कॉलेज आवंटित नहीं हुआ है, वे भी इसमें शामिल होंगे। जिन अभ्यर्थियों का नाम तीसरी और चौथी सूची में आएगा उन्हें आवंटित कॉलेज में प्रवेश लेना अनिवार्य होगा अन्यथा वे प्रवेश प्रक्रिया से बाहर हो जाएंगे।

जारी सूचना के अनुसार 4 दिसंबर को पहले के चरणों में दिए गए एक विकल्प के आधार पर तीसरी सूची जारी होगी। इसके बाद 6 दिसंबर तक जारी सूची के आधार पर कॉलेजों में प्रवेश होगा। 7 दिसंबर को पहले चरण के विकल्प के आधार पर चौथी सूची जारी होगी। फिर इसके आधार पर 11 दिसंबर तक कॉलेजों में प्रवेश होगा। 12 दिसंबर को प्रतीक्षा सूची जारी का जाएगी। इसके बाद 13 और 14 दिसंबर को आवेदन का प्रिंट संबंधित कॉलेज में दस्तावेजों के साथ जमा करना होगा। 15 दिसंबर को मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी।

## पार्षद प्रत्याशी संदीप तिवारी ने मितानिन बहनों का किया सम्मान



**रायपुर ( ए )।** मितानिन दिवस के अवसर पर पं. सुन्दर लाल शर्मा वार्ड क्र.42 में पार्षद प्रत्याशी संदीप तिवारी द्वारा मितानिन बहनों का सम्मान किया गया।

संदीप तिवारी ने कहा कि साल भर मितानिन बहनें वार्डों में हर प्रकार की समस्या के निवारण के लिए खड़ी रहती हैं, चाहे चिकित्सा संबंधी मामले हों, वार्ड की साफ-सफाई की बात हो या फिर सड़क - नाली - बिजली जैसी समस्याओं के अलावा लोगों के व्यक्तिगत दु:ख सुख में भी खड़ी रहती हैं। इसके अलावा सरकार की जो भी लाभकारी योजनाएं आती हैं उसको घर-घर पहुंचाने का काम भी करती हैं।


साल में एक दिन मितानिन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सौभाग्य की बात है कि पिछले 07 वर्षों से लगातार मेरे द्वारा इनके सम्मान करने का गौरव मुझे प्राप्त हो रहा है। संदीप तिवारी ने कहा वार्ड के प्रत्येक जनप्रतिनिधि या फिर सामाजिक संस्था के अलावा हर व्यक्ति से निवेदन करता हूँ कि कम से कम आज के दिन मितानिन बहनों का सम्मान अवश्य करें ताकि उनका भी उत्साह बना रहे और वो दुगुनी उत्साह से लोगों की सेवा में खड़े रहें। आज मितानिन बहनें समाज में एक अलग पहचान बन चुकी हैं। आज के इस सम्मान समारोह में कल्याण साहू, डोमेश शर्मा शुभम देवांगन, बेंजो शर्मा, सेवा साहू उपस्थित थे। मितानिन सम्मान कार्यक्रम में लीला देवांगन, करूणा सहारे, मधु देवांगन, सीमा देवांगन, किरण सिन्हा, विजय लक्ष्मी, शबनम खातून, सरोज यदु, राधिका देवांगन मंजू देवांगन, टेशू देवांगन, सरीता गेडाम, रूखमणी देवांगन, लता वर्मा, कुन्ती देवांगन सहित कांग्रेसी उपस्थित रहे।

#### कॉलेज की छात्राओं ने दिखाई क्रिएटिविटी

## 400 स्टूडेंट्स ने हाथों से तैयार किए आर्टवर्क, डेकोरेटिव्स और ज्वेलरी भी बनाई

**रायपुर ( ए )।** रायपुर के शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गर्ल्स ने अपना हुनर दिखाया। यहां कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कॉलेज की लगभग 400 छात्राओं ने आर्टवर्क तैयार किया। इसमें कछुआ, स्वागत पट्टी, दीपतालिका और सैंधव कालीन बैल बनाए गए।

गर्ल्स को आर्टवर्क तैयार कर उन्हें इससे ऑन्त्रेप्रेन्योर बनाने की ट्रेनिंग दी गई। इस कार्यक्रम की प्रशिक्षिका निवेदिता पांड्या




कलाकृति विशेषज्ञ और सोनाली वैद्य रहीं। कार्यक्रम का आयोजन इतिहास विभाग ने किया।

प्राचार्या डॉक्टर किरण गजपाल ने कौशल विकास कार्यक्रम को लेकर कहा कि इससे छात्राओं को आर्टवर्क के जरिए बिजनेस क्रिएट करने का मौका मिलेगा। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. शंपा चौबे ने बताया कि क्रिएटिव काम के जरिए करियर संवारने के लिए यहां छात्राओं को प्रेरित किया गया।

## प्रदेश में 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक मनाया जाएगा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा

### पुरूष नसबंदी पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों की दी जाएगी जानकारी

श्रीकंचनपथ न्यूज

### महिला व पुरूष नसबंदी के बारे में किया जाएगा जागरूक

**रायपुर।** परिवार नियोजन के प्रति लोगों को जागरूक करने राज्य शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 21 नवम्बर से 4 दिसम्बर तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा चलाया जाएगा। इस दौरान ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक विशेष अभियान चलाकर पुरूष नसबंदी के प्रति फैली अज्ञानता व भ्रांतियों को दूर किया जाएगा। पखवाड़े के दौरान ए.एन.एम. और मितानिनें घर-घर जाकर चिन्हांकित हितग्राहियों को परिवार नियोजन के स्थाई व अस्थाई साधनों के बारे बताएंगी। हितग्राहियों को जरूरी परामर्श और परिवार नियोजन की सेवाएं भी इस दौरान प्रदान की जाएंगी।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में परिवार कल्याण के उप संचालक डॉ. टी.के. टोंडर ने बताया कि देश की बढ़ती जनसंख्या चिंता का विषय है। इसके लिए सबको जागरूक होने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में दो लाख 59 हजार 985 महिलाओं और 26 हजार 510 पुरूषों की नसबंदी की गई है। वर्ष 2017-18 में 53 हजार 236 महिलाओं एवं 7119 पुरुषों, 2018-19 में 61 हजार




342 महिलाओं एवं 5361 पुरुषों, 2019-20 में 59 हजार 991 महिलाओं एवं 6775 पुरुषों, 2020-21 में 28 हजार 159 महिलाओं एवं 2826 पुरुषों, 2021-22 में 57 हजार 257 महिलाओं एवं 4429 पुरुषों व 2022-23 में 80 हजार 704 महिलाओं एवं 6216 पुरुषों का नसबंदी ऑपरेशन किया गया है। सभी शासकीय स्वास्थ्य केंद्रों में परिवार नियोजन के साधन नि:शुल्क उपलब्ध हैं। इनमें पुरूष एवं महिला नसबंदी, निरोध, गर्भ निरोधक गोली, इंजेक्शन, कॉपर-टी जैसी सुविधाएं शामिल हैं। परिवार नियोजन के लिए आवश्यक है कि पहले और दूसरे बच्चे के बीच तीन साल का अंतराल हो।

परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के उपायों पर डॉ. टोंडर ने बताया कि सभी जिला चिकित्सालयों, चिन्हांकित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सालयों में एनएसव्ही की सुविधा उपलब्ध है। पुरूष नसबंदी उन दंपत्तियों के लिए परिवार नियोजन का सबसे आसान उपाय है जिन्हें और बच्चे नहीं चाहिए। एनएसव्ही बिना चीरा व टांके के दस से 20 मिनट में पूरी की जाती है, और इस प्रक्रिया में दर्द नहीं होता। नसबंदी के बाद किसी भी प्रकार की शारीरिक दुर्बलता नहीं होती, बल्कि पहले जैसा ही भारी काम कर सकते हैं। शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रों में नसबंदी के बाद पुरूष हितग्राहियों को तीन हजार रुपए और महिला हितग्राहियों को दो हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। यह महिला नसबंदी की अपेक्षा अधिक सुरक्षित और सरल है। पखवाड़ा के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले योग्य दंपति को गर्भनिरोधक के संबंध में परामर्श देते हुए इच्छित गर्भ निरोधक साधन या सेवा इच्छानुसार उपलब्ध कराई जाएगी।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243





















### ब्रेन हेल्थ को सही रखने के लिए क्या खाना चाहिए ?

# जिससे दिमाग रहेगा हमेशा दुरुस्त

हमारा दिमाग हमारे शरीर का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। दिमाग ही है जो हमें सोचने, समझने और निर्णय लेने की शक्ति देता है। यही नहीं, शरीर के अन्य अंगों को भी दिमाग ही नियंत्रित करता है। हृदय धड़कन, पाचन क्रिया, हाथ-पैर की हरकतें सब दिमाग के इशारे पर होती है। इसलिए अगर दिमाग ठीक से काम न करे तो हमारा पूरा शरीर ठप्प हो जाएगा। इसलिए दिमाग का स्वस्थ रहना हमारे लिए बेहद जरूरी है। दिमाग के स्वस्थ रहने के लिए हम अपने डाइट में ऐसी चीजें शामिल करनी चाहिए जो दिमाग के लिए फायदेमंद हों।



## अंडे

अंडे में कोलीन नामक पोषक तत्व होता है जो दिमाग की कोशिकाओं के विकास और कार्य को बेहतर बनाता है। यह न्यूरोट्रांसमीटर्स के रूप में काम करता है। अंडों में प्रोटीन और हेल्दी फैट्स की भरपूर मात्रा होती है जो दिमाग को ऊर्जा देते हैं। यह आयरन, जिंक, सेलेनियम, आयोडीन और विटामिन बी12 से भरपूर होते हैं जो स्मरण शक्ति बढ़ाते हैं। अंडे खाने से कॉन्सेंट्रेशन लेवल बढ़ता है और दिमाग ज्यादा फोकस कर पाता है।

## बादाम और अखरोट

बादाम में विटामिन ई, ओमेगा 3 फैटी एसिड, एंटीऑक्सीडेंट और प्रोटीन जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। ये सभी मिलकर दिमाग की कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं, नई कोशिकाओं के निर्माण को बढ़ावा देते हैं और दिमाग को ऊर्जा प्रदान करते हैं। अखरोट भी विटामिन ई, ओमेगा 3 फैटी एसिड और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं जो दिमाग के लिए फायदेमंद होते हैं। इन दोनों सूखे मेवों को अपने डाइट में शामिल करना दिमाग के स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभदायक हो सकता है।

## ताजे फल व सब्जियां

ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी और ब्रोक्कोली, गाजर जैसी सब्जियां एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होती हैं जो दिमाग की कोशिकाओं की रक्षा करते हैं। इसके अलावा ओमेगा-3 फैटी एसिड भी दिमाग के लिए काफी लाभदायक हैं और ये सोचने की शक्ति बढ़ाने में मदद करते हैं। इन सब्जियों में पाए जाने वाले फाइबर भी दिमाग के लिए अच्छे होते हैं। इन सब्जियों में फोलेट, आयरन, जिंक जैसे मिनरल्स व विटामिन- के भी होते हैं जो दिमाग के लिए लाभदायक हैं।

## दूध व दूध से बनी चीजें

दूध में कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन बी12 और विटामिन डी जैसे पोषक तत्व होते हैं जो दिमाग की कोशिकाओं के विकास और कार्य के लिए अतिआवश्यक होते हैं।इसमें आवश्यक वसा अम्ल भी होते हैं जो दिमाग को ऊर्जा प्रदान करते हैं और न्यूरॉन्स के संचार में सुधार लाते हैं। दही में प्रोबायोटिक्स होते हैं जो दिमाग से जुड़ी कई समस्याओं से लड़ने में मदद करते हैं।

# मोहनलाल की नेरु का लेटेस्ट पोस्टर हुआ रिलीज

सुपरस्टार मोहनलाल अपनी अगली फिल्म नेरू के लिए तैयारी कर रहे हैं, जो एक लीगल ड्रामा है। पोस्टर में एक्टर अनुभवी वकील की पोशाक में नजर आ रहे हैं। फिल्म की कहानी अभिनेता के इर्द-गिर्द घूमती है, जो न्याय देने की बागडोर खुद अपने हाथ में लेते हैं और उसी प्रणाली से लड़ते हैं जिसके तहत वह काम करते हैं।



फिल्म की रिलीजिंग डेट को लेकर कुछ लोगों का मानना था कि फिल्म 2024 से पहले रिलीज नहीं होगी। हालांकि, नवंबर की शुरुआत में, फिल्म की रिलीज की तारीख 21 दिसंबर होने की पुष्टि की गई थी। अपने पोस्टर का अनावरण करते हुए, मोहनलाल ने लिखा: नेरू का ऑफिशियल पोस्टर रिलीज हो चुका है। फिल्म 21 दिसंबर को दुनिया भर में रिलीज हो रही है। फिल्म का निर्देशन अनुभवी निर्देशक जीतू जोसेफ ने किया है, जिन्होंने मोहनलाल की फिल्में दृश्यम और दृश्यम 2 का भी निर्देशन किया था, जिन्हें बाद में हिंदी में भी बनाया गया और इसमें बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन ने अभिनय किया था। पोस्टर में मोहनलाल को आधिकारिक पोशाक में एक अनुभवी वकील के रूप में दिखाया गया है, जो वाइट शर्ट के ऊपर एक काला कोट पहने हुए हैं।

# पेशे से एक्ट्रेस सलोनी बत्रा फिल्म एनिमल में रणबीर कपूर की बहन के किरदार में आएंगी नजर

संदीप रेड्डी वांगा की डायरेक्शन और रणबीर कपूर स्टारर एक्शन क्राइम थ्रिलर फिल्म 'एनिमल' इस साल की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में रणबीर कपूर, बॉबी देओल, अनिल कपूर, रश्मिका मंदाना, सुरेश ओबेरॉय और सलोनी बत्रा समेत कई कलाकारों ने अहम रोल प्ले किया है। एनिमल की ज्यादातर स्टारकास्ट काफी फेमस है लेकिन फिल्म में रणबीर की बहन रीत का किरदार निभाने वाली सलोनी के बारे में शायद ही आप जानते होंगे। चलिए आज इस रिपोर्ट में हम आपको बताते हैं कि 'एनिमल' में रणबीर कपूर की बहन बनीं सलोनी बत्रा कौन हैं और वे कैसे इस फिल्म के लिए कास्ट की गईं?

'एनिमल' में सलोनी का किरदार बेहद दिलचस्प है हाल ही में रिलीज हुए फिल्म के ट्रेलर में उनकी झलक भी मिली थी जिसके बाद उन्हें लेकर चर्चा शुरू हो गई है। बता दें कि सलोनी बत्रा पेशे से एक एक्ट्रेस हैं और उनके नाम कई प्रोजेक्ट्स हैं। उन्होंने अपनी दमदार अदाकारी से साबित किया है कि वे



काफी टैलेंटेज हैं लेकिन उन्हें अब तक उनके काम के मुताबिक पहचान नहीं मिली है। हालांकि एनिमल जैसी बड़ी फिल्म में काम करने के बाद उम्मीद है कि सलोनी को भी पहचान मिलेगी।

सलोनी बत्रा का जन्म नई दिल्ली में हुआ था और उन्होंने अपनी ग्रेजुएशन की पढ़ाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, चेन्नई, तमिलनाडु से की है। उन्होंने डिजाइनर मालिनी अग्रवाल के साथ मलागा में लीड स्टाइलिस्ट के रूप में भी काम किया। सलोनी ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 2013 में द अननेम्ड क्राइम नाम की शॉर्ट फिल्म से की थी। इसके बाद उन्होंने टेलीविजन की ओर रुख किया और सिटकॉम लाइफ सही है के तीन एपिसोड में दिखाई दीं। उन्होंने लव एट फर्स्ट साइट नाम की शॉर्ट फिल्म भी की थी।

वहीं 'एनिमल' की बात करें तो फिल्म को लेकर काफी बज है। हाल ही में इस फिल्म की ट्रेलर रिलीज किया गया था जिसे देखकर लोगों को रौंगटे खड़े हो गए हैं। रणबीर कपूर से लेकर अनिल और बॉबी ने अपनी परफॉर्मेंस की झलक भर से लोगों को काफी इंप्रेस कर दिया है ऐसे में अब हर कोई 'एनिमल' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। बता दें कि संदीप रेड्डी वांगा की ये फिल्म सिनेमाघरों में एक दिसंबर को दस्तक देगी।

# आलिया भट्ट का दिखा सिजलिंग अवतार, मरून कलर का हाफ जम्पसूट आई नजर



आलिया भट्ट बॉलीवुड की मोस्ट पॉपुलर और डिमांडिंग एक्टर्स में एक हैं। आलिया भट्ट ने अपने अब तक के करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मुंबई के सेंट रेजिस होटल में जीक्यू के मेन ऑफ द ईयर इवेंट में पहुंची। आलिया इवेंट में बेहद बोल्ड लुक में नजर आई, जिसकी तस्वीरें उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं।

आलिया अपने हर अवतार से फैंस का दिल जीत लेती हैं। वह अपने फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर करती रहती हैं। एक बार फिर उन्होंने अपना नया लुक शेयर किया है। फोटोज में आलिया मरून कलर का हाफ जम्पसूट पहने दिख रही हैं। वहीं उन्होंने शॉर्ट ओपन हेयर किए हुए हैं, साथ ही स्मोकी मेकअप के साथ अपना लुक पूरा किया है। एक्ट्रेस ने बेहद डीपनेक आउटफिट पहने हुए हैं।

जीक्यू के मेन ऑफ द ईयर इवेंट में आलिया ये लुक काफी चर्चा में रहा। एक्ट्रेस ने मैचिंग हील्स और स्ट्रेट बालों के साथ ब्रिक-रेड जम्पसूट में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। वहीं एक्ट्रेस पैप्स के साथ मस्तीभरी नोकझोंक करती दिखी। पैपराजी ने उन्हें उनके निक नेक आलू जी से बुलाया। ये सुनकर आलिया पहले तो कंफ्यूज नजर आईं और फिर उन्होंने इस पर रिएक्ट करते हुए कहा कि ये क्या नया शुरू हो गया है आलू जी?।

वर्क फ्रंट की बात करें तो आलिया को पिछली बार फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में रणवीर सिंह के साथ स्क्रीन शेयर करते हुए देखा गया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार परफॉर्म किया और इसमें आलिया की एक्टिंग के साथ उनकी साड़ियों की भी खूब तारीफ हुई। वहीं अब वह करण जौहर की जिगरा में नजर आएगी।

# एनिमल में बॉबी देओल नहीं बोलेंगे एक भी शब्द, कुछ ऐसा होगा किरदार




बॉबी देओल इन दिनों अपनी आगामी फिल्म एनिमल को लेकर जबरदस्त चर्चा में हैं। अभिनेता फिल्म में ऐसा किरदार निभाते नजर आएंगे, जिसमें पहले कभी उनको नहीं देखा गया हैं। इसमें उनकी भिड़ंत रणबीर कपूर से होगी। अब बॉबी के किरदार से जुड़ी एक अहम जानकारी सामने आई है। खबर है कि एनिमल में बॉबी एक भी शब्द नहीं बोलते नजर आएंगे। अभिनेता का किरदार मूक व्यक्ति का होगा। वह बिना बोले ही अपना किरदार निभाएंगे।

रिपोर्ट के मुताबिक, एनिमल में बॉबी का किरदार खौफनाक होगा। इसकी झलक हमें टीजर में देखने को मिल चुकी है। भारतीय सिनेमा में अब तक साइको और पागल किस्म के कई खूंखार विलन को देखा गया है। हालांकि, अब पहली बार बॉलीवुड में बॉबी एक मूक विलन का किरदार निभाएंगे। एनिमल का ट्रेलर 23 नवंबर जारी किया गया और यह फिल्म 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।

एनिमल के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा है, जिन्होंने पहले अर्जुन रेड्डी जैसी हिट दक्षिण भारतीय फिल्म दी और फिर इसका हिंदी रीमेक कबीर सिंह बनाकर वह बॉलीवुड में भी रातों-रात मशहूर हो गए।

एक्शन क्राइम ड्रामा फिल्म एनिमल टी-सीरीज के बैनर तले बनी है। हैं।100 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म की घोषणा 2020 में हुई थी।यह 1 दिसंबर को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। इसी दिन विक्की कौशल की फिल्म सैम बहादुर भी आ रही है।



# सर्दियों में ड्राइनेस के कारण हो रही है शरीर में खुजली तो जानें क्या करें, एक्सपर्ट के अनुसार

**शरीर में खुजली की समस्या सर्दियों में एक आम परेशानी है। जैसे-जैसे मौसम गर्म से ठंडा होने लगता है, हवा में नमी कम हो जाती है जिससे हमारी त्वचा शुष्क और रूखी होने लगती है। इसे ड्राइनेस या सूखापन कहा जा सकता है। इस ड्राइनेस का असर हमारी त्वचा पर सबसे ज्यादा पड़ता है। जिससे त्वचा सूखी, रूखी और तनी हुई महसूस होती है और बाद में उसपर खुजली होने लगती है। यह खुजली इतनी ज्यादा होने लगती है कि व्यक्ति को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। जानें एक्सपर्ट के अनुसार सर्दियों में अपनी त्वचा की ख्याल कैसे करें।**

## मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करें

सर्दियों में हम गर्म पानी से सीधे नहाते हैं तो इससे त्वचा की नमी और खत्म हो जाती है। जिससे खुजली व इरिटेशन जैसी समस्याएं होने लगती है इससे बचने के लिए नहाने से पहले त्वचा पर किसी मॉइस्चराइजिंग ऑयल या बॉडी लोशन को अच्छी तरह से लगा लेना चाहिए। इसके लगाने से गर्म पानी या साबुन त्वचा की नमी को नहीं खत्म कर पाता और नहाने के बाद भी त्वचा मुलायम और मॉइस्चराइज्ड बनी रहती है।

## ज्यादा गर्म पानी से न नहाएं

सर्दियों के मौसम में हम ठंड से बचने के लिए गर्म पानी से नहाना पसंद करते हैं, लेकिन ज्यादा गर्म पानी से नहाना हमारी त्वचा की नमी व मॉइस्चर को खत्म कर देता है, जिससे वो सूखी और रूखी हो जाती है।यही नहीं गर्म पानी से नहाने से त्वचा की नेचुरल प्रोटेक्टिव ओइल्स व लिपिडस भी साफ हो जाते हैं जो त्वचा के लिए जरूरी होते हैं। इसलिए सर्दियों में रूम टेंपरेचर या गुनगुने पानी से नहाना चाहिए।

## सरसों तेल से करें मालिश

आप सर्दी के मौसम में त्वचा पर सरसों का तेल लगाएं जो कि सबसे ज्यादा उपयोगी होता है चेहरे और गर्दन को छोड़कर आप पूरे शरीर पर इस तेल से मालिश करें। आपको 24 घंटे के अंदर जब भी समय मिले आप तेल का मालिश करे सकते हैं।

## रूम हिटर में कम रहें

ज्यादा रूम हीटर में रहने के कारण भी शरीर की नमी खत्म हो जाती है। ऐसे में जब त्वचा सूखी और रूखी हो जाती है तो उस पर खुजली होने लगती है। इसलिए गर्म कपड़े पहने हिटर में कम रहें।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

### जस्टिस भादुड़ी ने अधिकारियों की ली बैठक, बोले-

# नेशनल लोक अदालत में ज्यादा प्रकरणों का हो निराकरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष जस्टिस गौतम भादुड़ी ने कहा है कि आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण किया जाए। जस्टिस भादुड़ी ने सभी जिलों के जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष, सचिव, परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश, न्यायाधीश, स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन, सीजेएम. एवं लेबर कोर्ट जज के साथ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित बैठक में यह निर्देश दिए।



जस्टिस भादुड़ी ने कहा कि प्री-लिटिगेशन के द्वारा मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निराकृत करने से न्यायालयों में मामलों को आने से बचाया जा सकता है। इससे पक्षकार भी अनावश्यक रूप से न्यायालयीन कार्यवाही से बच जाता हैं। गौरतलब है कि नालसा के द्वारा नेशनल लोक अदालत का आयोजन 16 दिसंबर को किया जाएगा। जस्टिस भादुड़ी ने कहा कि गाइड लाइन के अनुसार सिविल, क्रिमिनल, लैण्ड इक्वीजिशन, सीनियर सिटीजन, फैमिली कोर्ट के लंबित राजीनामा योग्य प्रकरणों तथा स्थायी लोक अदालत (जनोपयोगी सेवा) में लंबित आमजन के रोजमर्रा से जुड़े हुए मामले, प्री-लिटिगेशन के मामलों इत्यादि राजीनामा योग्य प्रकरणों को आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में निराकृत किया जाए। जस्टिस भादुड़ी ने 9 सितंबर 2023 को आयोजित पिछली नेशनल लोक अदालत का जिक्र करते हुए कहा कि उस दौरान 42 हजार 82 लंबित मामलों का निराकरण किया गया था। इस बार इस संख्या बढ़ाना है।

वीडियो कान्फ्रेंसिंग में उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष जस्टिस संजय के. अग्रवाल के द्वारा समस्त न्यायाधीशों से फैमिली कोर्ट के मैटर, धारा 138 एनआई एक्ट के प्रकरण एवं मोटर दुर्घटना दावा के प्रकरण तथा राजीनामा योग्य सभी प्रकार के सिविल व आपराधिक ऐसे प्रकरण जो 05 या 10 वर्ष से लंबित हैं, को चिन्हांकित करते हुए उनका अधिक से अधिक संख्या में निराकरण लोक अदालत के माध्यम से करने कहा गया।

ज्ञात हो कि नेशनल लोक अदालत सभी स्तरों के न्यायालयों में आयोजित किए जाते हैं। इसमें उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय, तहसील न्यायालय, फैमिली कोर्ट, उपभोक्ता फोरम, ट्रिब्यूनल आदि शामिल हैं।

## कलेक्टर ने डायलिसिस यूनिट में 3 बेड शीघ्र उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डोमन सिंह ने आज शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेण्ड्री राजनांदगांव में मेडिकल आफिसर और निर्माण एजेंसी के अधिकारियों की बैठक ली। इस दौरान डीन शासकीय मेडिकल कॉलेज डॉ. रेणुका गहिने उपस्थित थी।

कलेक्टर श्री सिंह ने मेडिकल कॉलेज के मेन्टेनेंस, साफ-सफाई, भवन के रंगरोगन, पेयजल, ग्लोसाईन बोर्ड, पार्किंग व्यवस्था, कैंटीन, रैनबसेरा सहित अन्य मरीजों को मिलने वाली सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाएं महत्वपूर्ण सेवाएं हैं। इसके लिए विशेष रूप से ध्यान देकर कार्य करने की जरूरत है।

जनसामान्य को सरलता से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके इसके लिए सभी अधिकारी एवं स्टाफ ध्यान देते हुए कार्य करें। उन्होंने कहा कि मरीजों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई एवं व्यवस्थित पार्किंग की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालय तक परिवहन सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने चिकित्सा महाविद्यालय परिसर के बाउण्ड्री वाल के समीप अतिक्रमण को कार्ययोजना बनाकर कार्रवाई करने के निर्देश नगर निगम आयुक्त को दिए। वर्तमान में डायलिसिस सेंटर में 3 बेड की सुविधा चल रही है। कलेक्टर श्री सिंह ने मरीजों की सुविधा के लिए डायलिसिस सेंटर में 3 बेड शीघ्र बढ़ाने के निर्देश दिए।

मेडिकल कॉलेज डीन ने बताया कि मरीजों की सुविधा के लिए एमआरआई टेस्ट के लिए निजी संस्था के साथ अनुबंध किया गया है। जिसके माध्यम से माह में लगभग 15 से 20 मरीजों का एमआरआई टेस्ट किया जा रहा है। जिससे मरीजों की सुविधाएं बढ़ी हैं। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता, अधीक्षक शासकीय मेडिकल कॉलेज डॉ. प्रदीप बेक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एके बसोड़, सिविल सर्जन डॉ. केके जैन, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## खास खबर

### विशेष सिकल सेल जांच सप्ताह का आयोजन 28 से 5 दिसम्बर तक

**कांकेर।** कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के नेतृत्व में जिले के 0 से 40 आयु वर्ग के प्रत्येक व्यक्तियों के सिकल सेल जांच हेतु सभी विकासखण्ड में 28 नवम्बर से 05 दिसम्बर 2023 तक विशेष सिकल सेल जांच सप्ताह आयोजित किया जा रहा है। इस विशेष सिकल सेल जांच सप्ताह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी को पुरस्कृत भी किया जाएगा। डॉ. खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि सिकल सेल एक अनुवांशिक बीमारी है, छत्तीसगढ़ के लगभग 10 प्रतिशत जनसंख्या में सिकल सेल के गुण और लगभग 02 से 03 लाख लोगों को सिकल सेल पाया जाता है। छत्तीसगढ़ राज्य के लिए सिकल सेल एक अति महत्वपूर्ण स्वास्थ्य समस्या है। इस स्वास्थ्य समस्या के समग्र निदान के लिए सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन भारत सरकार के द्वारा आरंभ किया गया है, जिसका क्रियान्वयन छत्तीसगढ़ राज्य में भी किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत 0 से 40 वर्ष तक के प्रत्येक व्यक्तियों का सिकल सेल स्क्रीनिंग कर धनात्मक पाये गये मरीजों का नि:शुल्क ईलाज उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे रोगी पीड़ारहित जीवन जी सके। सिकल सेल रोगी एवं गुण वाले व्यक्ति को अनुवांशिक परामर्श भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे भविष्य की पीढ़ी में सिकल सेल विकृति के प्रसार में कमी आएगी।

### मतगणना सुपरवाइजर-सहायक को मिला प्रशिक्षण

**जशपुरनगर ।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को सफलतापूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने हेतु मतगणना के तैयारी एवं मतगणना की प्रक्रिया की जानकारी देने हेतु मतगणना कर्मियों गणना पर्यवेक्षक, गणना सहायकों का प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर डी आर राठिया, प्रोफेसर टी आर पाटले, प्रोफेसर एस के मारकंडे द्वारा बताया गया कि निर्वाचन की प्रक्रिया में मतगणना का कार्य बेहद महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्य है। मतगणना का पूरा कार्य रिटर्निंग ऑफिसर के निर्देशन एवं निगरानी में होता है। डाक मत पत्रों एवं ईवीएम से मतों की गणना कैसे की जाती है के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। अपर कलेक्टर आई एल ठाकुर, रिटर्निंग ऑफिसर प्रशांत कुशवाहा के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला जशपुर के तीनों विधानसभा क्षेत्र जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव का मतगणना शासकीय मॉडल स्कूल जशपुर में 03 दिसंबर को की जाएगी। मतगणना केंद्र पर नियुक्त सभी गणना कर्मचारी, अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, गणन अभिकर्ता को मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना निषेध है। मतगणना स्थल में प्रवेश के पूर्व सभी व्यक्तियों की सघन चेकिंग की जाएगी। मतगणना केंद्र में जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना का कार्य एक बड़े मतगणना हॉल में संपन्न होगा जिसमें मशीनों से मतों की गणना हेतु कुल 14 टेबल लगाए जाएंगे।

## श्री खाटू श्याम के वार्षिकोत्सव में झूमें भक्त, 1100 महिलाएं ने निकाली भव्य निशान यात्रा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** घोंघा बाबा मन्दिर परिसर बिलासपुर धाम स्थित श्री खाटू श्याम मन्दिर में 13वां वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है। उत्सव के द्वितीय दिवस गुरुवार को सुबह 10.30 बजे भव्य निशान यात्रा निकाली गई जिसमें 1100 महिलाएं हाथ में निशान यात्रा लेकर चल रही थीं। इसी क्रम में शाम को श्री श्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर आनंद उठाया।

जय श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट बिलासपुर द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 22 नवम्बर से श्री श्याम मंदिर का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जा रहा है। देव उठनी एकादशी को प्रभु का विशेष राजश्री श्रृंगार किया गया। मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मंगतराय अग्रवाल के कुशल मार्ग दर्शन में तीन दिवसीय श्री श्याम महोत्सव-2023 का आयोजन हो रहा है। श्रृंगार में प्रभु को दिल्ली के फूलों से सजाया गया।

इसी क्रम में भव्य निशान यात्रा निकाली गई जिसमें जिसमें भक्तगण हाथों में श्री श्याम प्रभु के निशान लिए बैंड-बाजे के साथ श्री राम मंदिर तिलक नगर से पद यात्रा करते हुए सदर बाजार, गोल बाजार होते श्री श्याम मंदिर पहुंचे। इसके बाद सायं 07:15 बजे से प्रभु इच्छा तक श्रीश्याम भजन संध्या का आयोजन किया गया। 24 नवबर को भजन, सवामणी भोग, प्रसाद वितरण के कार्यकम होंगे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से आए अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स ने मतगणना के लिए दिया प्रशिक्षण

श्रीकंचनपथ न्यूज



**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह की उपस्थिति में आज जिला पंचायत सभाकक्ष राजनांदगांव में विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतगणना कार्य में लगे राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं कबीरधाम जिले के सभी उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर एवं अन्य अधिकारियों को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से आए अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

कलेक्टर डोमन सिंह ने सभी अधिकारियों से कहा कि मतगणना कार्य के लिए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश अनुसार अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने मतगणना कार्य सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी अधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग से आए अधिकारियों एवं मास्टर ट्रेनर्स से अच्छी तरह प्रशिक्षण प्राप्त करें तथा अपनी जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान करें। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से आए एनएलएमटी सुनील कुमार शर्मा, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रूपेश कुमार वर्मा, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ रश्मि वर्मा, एसएलएमटी अखिलेश आहूजा ने सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रजेंटेशन के माध्यम से अधिकारियों को बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुसार सभी आवश्यक तैयारी, आधारभूत संरचना एवं सुरक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने डाक मतपत्रों की गणना, ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना, मतगणना पूर्ण होने के पश्चात ईव्हीएम और निर्वाचन सामग्री को सील करना, परिणामों की घोषणा और अन्य महत्वपूर्ण विषयों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य के साथ ही टेबुलेशन, ईव्हीएम एवं अन्य प्रपत्रों की सीलिंग, ईव्हीएम के परिवहन तथा फार्म 17 सी ले जाने एवं इसके फार्म 20 में प्रविष्टि हेतु जिम्मेदार स्टॉफतथा रनर की ड्यूटी लगाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कानून व्यवस्था तथा आपात स्थिति में विकल्प के रूप में रिजर्व गणना स्टॉफ की ड्यूटी लगाई जानी चाहिए। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना की बारीकियों को बताया गया। प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि डाकमत पत्रों के माध्यम से प्राप्त वोट की गणना पहले की जाएगी। ऐसे डाकमत पत्र जो रिजेक्ट किए जाएंगे उसे अलग से रखा जाएगा। ईटीपीबीएस के संबंध में जानकारी दी गई। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरा लगे होने चाहिए, ताकि इस दौरान मतगणना की प्रक्रिया की रिकार्डिंग हो सके, लेकिन इसके साथ ही इस बात का ध्यान रखने कि जरूरत है कि मतदान की गोपनीयता भंग न हो। उन्होंने बताया कि पहले राऊंड के परिणाम के घोषणा के बाद ईव्हीएम को स्ट्रांग रूम में वापस रखने के पश्चात ही रिटर्निंग ऑफिसर की अनुमति से दूसरे राऊंड के मतगणना की अनुमति दी जाएगी। इस दौरान बताया गया कि रिटर्निंग ऑफिसर सीयू, वीपीपेट नंबर, सभी मतदान केन्द्रों के वीवीपेट के लिए अलग-अलग लिफाफे में महत्वपूर्ण विवरण लिखकर रखेंगे।

प्रशिक्षण के दौरान यह बताया गया कि सिलिंग कार्य महत्वपूर्ण है तथा रिटर्निंग ऑफिसर इस पर विशेष ध्यान देते हुए कार्य करेंगे। इस दौरान सभी अधिकारियों ने मतगणना कार्य के लिए प्रेक्टिकल करके देखा तथा मतगणना कार्य के दौरान आने वाली शंकाओं एवं जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। राज्य निर्वाचन आयोग के आए अधिकारियों ने विस्तृत रूप से मतगणना कार्य के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया।

## नरहरपुर, कांकेर और चारामा के बीएलओ को जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रदाय किया प्रशस्ति पत्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**कांकेर।** विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के तहत् जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र में कुल 80.67 प्रतिशत मतदान हुआ, जो ऐतिहासिक रहा। मतदाता सूची शुद्धिकरण से लेकर मतदाताओं को जागरूक कर उन्हें वोट करने हेतु प्रेरित करने वाले बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) और सुपरवाइजरों का आज सम्मान किया गया।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज कांकेर विधानसभा क्षेत्र के नरहरपुर, कांकेर तथा भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के चारामा विकासखण्ड में स्थित ऐसे मतदान केन्द्र जहां 90 प्रतिशत और उससे अधिक मतदान हुआ, के बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आज अपराह्न 12 बजे से आयोजित सम्मान समारोह में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शुक्ला ने उपस्थित बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि इस सम्मान के वास्तविक हकदार आप सभी हैं जिन्होंने दिन-रात मेहनत करके एक-एक मतदाता को मतदान केन्द्र आकर वोट करने हेतु प्रेरित करने में अभूतपूर्व और जीतोड़ मेहनत की। उन्होंने आगे कहा कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ा है, उसमें सभी बीएलओ का व्यक्तिगत और अतुलनीय प्रयास रहा है। इस दौरान उन्होंने सभी बीएलओ को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करते हुए विधानसभा निर्वाचन की भांति आगामी लोकसभा निर्वाचन में भी अपनी श्रेष्ठता सिद्ध करने की बात कही। इस अवसर पर बीएलओ ने मतदाताओं को जागरूक करने मैदानी स्तर पर किए गए प्रयासों और सफलता के बारे में अपने अनुभव साझा किए।

बीएलओ सम्मान कार्यक्रम में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत के लिए महेशपुर केन्द्र को सम्मानित किया गया, जहां पर ऐतिहासिक 96.09 प्रतिशत वोट पड़ा। इसी तरह खमढोड़गी में 95.98, लुलेगोंदी में 92.95, दुधावा-2 में 92.14, पुसावंड में 92.09, रोड़े में 92.07, साल्हेभाट में 91.90 और कुसुमपानी में 91.89 प्रतिशत वोट पड़े, जो इस विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक है। इसी तरह नवागांव भावगीर में 2018 में मतदान का प्रतिशत 77.52 रहा, जो इस वर्ष 93.67 हो गया है। इसी तरह भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के नरसिंगपुर, भानपुरी, साल्हेटोला, चारामा-08, हाराडुला-02, कंडेल आदि सर्वाधिक पोलिंग वाले बूथों के बीएलओ का सम्मानित किया गया। इसके अलावा उत्कृष्ट कार्य करने वाले तारसगांव और कन्हारपुरी मतदान केन्द्र के सुपरवाईजरों को भी सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस. अहिरवार, जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार मारबल तथा एसडीएम कांकेर और चारामा मनीष साहू व राकेश गोलछा ने भी सभी बीएलओ को संबोधित कर उनके उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय प्रयासों के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

## बस्तर में हल्की बारिश के आसार अंबिकापुर रहा सबसे ज्यादा ठंडा

**रायपुर ।** प्रदेश में कड़ाके की ठंड दिसंबर के पहले सप्ताह से ही शुरू होने की उम्मीद है। मौसम विभाग का कहना है कि रविवार को बस्तर में हल्की बारिश के आसार हैं। इसके साथ ही पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। इसके प्रभाव से हवा की दिशा पूर्ववर्ती बने रहने तथा नमी की मात्रा बढ़ने की संभावना है। विभाग के अनुसार इसके चलते न्यूनतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। इन दिनों सुबह-सुबह और रात के वक्त ठंड शुरू हुई है, लेकिन नवंबर बीतने को है और अच्छी ठंड शुरू नहीं हो सकी है। ग्रामीण क्षेत्रों और आउटर में ही ठंड का प्रभाव ज्यादा है। मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ द्रोणिका के रूप में क्षोभमंडल पर 5.8 किमी ऊंचाई पर 58 डिग्री पूर्व तथा 28 डिग्री उत्तर में स्थित है। इसके चलते ही हवा की दिशा पूर्ववर्ती बनी रहेगी और नमी की मात्रा बढ़ेगी।

Jaquar Roca Parryware AAJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
K. Satyanarayan
Mo.9300771925, 0788-4030919

ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर, अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

# भगवान के घर में डाका: गहनों और नगदी की चोरी, चोर सीसीटीवी में कैद, आरोपी गिरफ्तार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**खैरागढ़।** चोर घरों में, दफ्तरों व दुकानों और अन्य संस्थानों को निशाना बनाते रहे हैं। मंदिरों में भी चोरी की घटनाएं होती है लेकिन वह कमतर थी। लेकिन अब तो मंदिरों में भी चोरों ने धावा बोलना शुरू कर दिया है। देर रात मंदिर का ताला तोड़कर दान पेटी से नगदी सहित गहनों की चोरी की सारी घटना सीसीटीवी में हुई कैद सुबह होने पर मंदिर के पुजारी को चोरी का पता चला मंदिर के पुजारी की रिपोर्ट पर गंडई पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से कुछ ही घंटे के अंदर चोर को गिरफ्तार कर लिया। नकदी और गहने पुलिस ने बरामद कर लिए हैं।

नवगठित जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के गंडई थाना क्षेत्र अंतर्गत शहर के मां गंगई मंदिर नगर की कुल देवी का मंदिर है, मंदिर में चोरी की खबर से पूरे नगर में खलबली मच गई थी। चोर ने 24 नवंबर शुक्रवार को पूरी घटनाक्रम को अंजाम दिया गया था। बताया जाता है कि चोर ने नगदी समेत गहनों को अपने घर में छुपा कर रखा था। जिसे



पुलिस ने घेरा बंदीबकर आरोपी को नगदी और गहनों समेत धर दबोचा।

बता दें कि हर दिन की तरह सुबह मां गंगई के पुजारी अनुभव दुबे ने मंदिर का पट खोला तो मंदिर के दान पेटी का ताला टूटा हुआ साथ ही माता के मुकुट और करधन गायब मिला। जिससे चोरी होना साफ दिखा रहा था। पुजारी अनुभव दुबे ने गंडई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। 24 नवंबर की रात्रि में मां गंगई मंदिर का ज्योति कक्ष का दरवाजा तोड़कर माता का मुकुट, जिसकी कीमत 5 हजार रुपये और करधन की कीमती 10 हजार रुपये, दान पेटी में रखी नगदी रकम करीबन 5 हजार रुपये टोटल 20 हजार रुपये को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ली गई।

पुलिस अनुविभागीय अधिकारी प्रशांत खाण्डे ने बताया कि विवेचना के दौरान थाना से तत्काल टीम तैयार कर महज डेढ़ घंटे के अंदर मां गंगई मंदिर के माता का मुकुट, करधन और दान पेटी में रखे नगदी रकम को चोरी करने वाले आरोपी प्रदीप बघेल उम्र 27 साल रावणपारा गंडई का पता लगा कर घेराबंदी की गई। चोरी का मुकुट, करधन और दान पेटी में रखे नगदी रकम पकड़कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## खास खबर...



### सक्ती में धारदार हथियार से युवती का मर्डर: दिनदहाड़े घर में घुसकर काट दिया गला, वारदात के बाद आरोपी फरार

**सक्ती ( ए )।** सक्ती जिले में शनिवार को घर में घुसकर अज्ञात आरोपी ने धारदार हथियार से हमला कर एक युवती की दिनदहाड़े हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि जिस समय यह वारदात हुई, उस समय युवती घर में अकेली थी। घटना की जानकारी जब परिजनों को लगी तो पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र की है।

मिली जानकारी के मुताबिक पूरा मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा हुआ है। जानकारी के मुताबिक परसदा कला की रहने वाली प्रियंका साहू (23 वर्ष) की हत्या हुई है। वह सेकंड ईयर की छात्रा थी। शनिवार की सुबह युवती की मां और पिता काम करने के लिए गए हुए थे।

*युवती की दिनदहाड़े घर में घुसकर हत्या*

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सुबह 11 बजे जब युवती घर में अकेली थी, तो एक युवक वहां पहुंचा और युवती की दिनदहाड़े घर में घुसकर से हत्या कर दी। उसके बाद मौके से भाग गया।

*युवती के गले पर धारदार हथियार से हमला*

पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच में यह पता चला कि युवती के गले पर धारदार हथियार से हमला किया गया है, जिसकी वजह से उसकी मृत्यु हो गई है। प्रेम-प्रसंग का मामले सामने आ रहा है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## युवती से दुष्कर्म के बाद धमकी देकर युवक ने बनाया वीडियो, वायरल भी किया, चढ़ा पुलिस के हत्थे

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जशपुर।** छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में युवती से दुष्कर्म व उसका वीडियो बनाकर वायरल करने का मामला सामने आया है। मामले में युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के खिलाफधारा 509, 376 व 67 आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल भेज दिया गया। मामला जिले के तपकरा थाना क्षेत्र का है।




तपकरा पुलिस ने बताया कि 19 वर्षीय युवती ने 22 सितंबर 2023 को शिकायत दर्ज करते हुए बताया कि सोनू सिंह (23) से उसका परिचय था। दोनों के बीच एक वर्ष से मोबाइल पर बातचीत होती थी। इस बीच उसने अपने एक रिश्तेदार की शादी में उसे लातेहार (झारखंड) बुलाया। युवती वहां चली गई तो मौका देखकर उसने उससे दुष्कर्म किया और उसे धमकाते हुए उसका वीडियो बना दिया। यही नहीं उसने वीडियो वायरल भी कर दिया।

इस मामले में युवती की शिकायत पर अपराध दर्ज कर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। घटना के लगभग दो माह बाद सायबर सेल के सहयोग से पुलिस टीम द्वारा आरोपी के निवास स्थान में दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लाया गया। तपकरा पुलिस द्वारा आरोपी सोनू सिंह पर विधिवत कार्रवाई कर उसे जेल भेजा गया। इस पूरे प्रकरण की विवेचना में थाना प्रभारी भरतलाल साहू, आरक्षक भागेश्वर साय पैंकरा, देवसिंह एक्का की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## रुंगटा कॉलेज में आईटीआई के छात्र ने लगाई फांसी, सुसाइड नोट में लिखा 'सॉरी पापा'

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रुंगटा कॉलेज में आईटआई के प्रथम वर्ष के छात्र ने शुक्रवार की शाम को हॉस्टल के कमरे में खुदकुशी कर ली। छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। घटना की सूचना मिलने के बाद जामुल पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचना दी। परिजनों की मौजूदगी में शव को पीएम के लिए भेजा गया। मौके से पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है जिसमें उसने लिखा है- सॉरी मम्मी-पापा मुझे माफ करना, मेरे कारण आप लोगों को कष्ट मिल रहा है।

दुर्ग जिले के लिटिया चौकी क्षेत्र अंतर्गत डोड़की गांव निवासी निखिल वर्मा (19) रूंगटा कॉलेज भिलाई से आईटीआई प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा था। आईटीआई






कोर्स के दौरान निखिल मनसा कॉलेज के सामने बीएसपी कर्मी लाल बहादुर चंद्रा के हॉस्टल में किराया से रहता था। वो इस हॉस्टल में रहने के लिए डेढ़ महीने पहले ही आया था। इस बीच दिवाली की छुट्टियों में घर गया था और 18 नवंबर को वापस लौटा था। 24 नवंबर की शाम को उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस की पूछताछ में परिजनों ने बताया कि मृतक निखिल कम बातचीत करता था। निखिल के पिता का कहना था कि उन्होंने न तो उसे कभी डाटा और न उसका घर में किसी से कोई झगड़ा हुआ। आखिर निखिल ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी भी नहीं है। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है।

व्यापारी दोस्त को फंसाने नौकर की हत्या, 4 गिरफ्तार

## कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिलाया, ब्लैकमेल कर पैसा ऐंठना चाहते थे, मुख्य अपराधी फरार

**राजनांदगांव (ए)।** राजनांदगांव जिले में व्यापारी ज्ञानचंद बाफना के नौकर की हत्या मामले में पुलिस ने 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्य आरोपी प्रकाश गोलछा ने अपने ही दोस्त को ब्लैकमेल कर पैसा वसूलने और मर्डर केस में फंसाने के लिए साजिश रची थी। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला है।



दरअसल, दोस्त को ब्लैकमेलिंग करने के इरादे से व्यापारी प्रकाश गोलछा ने अपने दोस्त ज्ञानचंद बाफना अरिहंत जिसका हार्डवेयर का काम है। उससे पुरानी रंजिश का बदला लेना चाहता था। इसलिए उसके नौकर को कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर पिला दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। 21 नवंबर को सुरेश कुमार जोशी (52 वर्ष) अरिहंत टावर मानव मंदिर चौक निवासी का शव पार्रीनाला इण्डियन पब्लिक स्कूल और सुरेश राईस मिल के पास मिला था। उसके पास एक लेटर छोड़कर आत्महत्या बताने की कोशिश की गई थी।

ज्ञानचंद बाफना ने थाने में शिकायत में बताया कि ऑटो चालक अफजल खान ने टाइपशुदा और हाथ लिखा लेटर दिया। जिसे नितेश और उसके साथी ने छोड़ने कहा था। आरोपी नितेश ने पूछताछ में बताया कि प्रेमेन्द्र निर्मलकर ने कहा था कि एक बड़ा पार्टी हाथ लगा थोड़ा रिस्क वाला काम है। साथ देगा तो तुझे भी हिस्सा मिलेगा।

### उसके मालिक को फंसाना चाहते थे आरोपी

जिस पर मैं उतावला होकर पूरी बात पूछा तो प्रेमेन्द्र ने बताया कि प्रकाश गोलछा प्लान बनाया है कि ज्ञानचंद बाफना को फंसाना है। इसी प्लान के तहत ज्ञानचंद के नौकर सुरेश कुमार जोशी को सभी के साथ मिलकर थम्स अप में जहर देकर पिलाकर मार दिए।

### चार आरोपी गिरफ्तार, प्रकाश गोलछा फरार

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी दयाराम साहू (36 वर्ष), मनीष खुटेल (21 वर्ष), नितेश सेन (27 वर्ष) और प्रेमेन्द्र निर्मलकर (37 वर्ष) शामिल है। मुख्य आरोपी प्रकाश गोलछा पकड़ाने के डर से कहीं भाग गया है। जिसकी तलाश की जा रही है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



### मुंबई के युवक का बाइक सवार ने छीना मोबाइल पुलिस ने दर्ज की FIR

**रायपुर (ए)।** राजधानी रायपुर में मुंबई से आए युवक का बाइक सवार ने मोबाइल छीन लिया। ये घटना रायपुर रेलवे स्टेशन के पास एक होटल के नीचे हुई है। इस घटना के बाद युवक ने गंज थाने में जाकर एफआईआर दर्ज कराया है।

अजय समदडिया ने गंज थाना पुलिस को बताया कि वह मुंबई का रहने वाला है। वहां वो हेल्थ केयर सेंटर चलाता है। शनिवार को होटल के पास टैक्सी बुक किया और उसमें मोबाइल से लोकेशन देख रहा था। इसी दौरान रेलवे स्टेशन की ओर से एक बाइक में सवार युवक तेज रफ्तार में पहुंचा। उसने अजय के हाथ से मोबाइल छीन लिया। फिर तेजी से बाइक चलाते हुए फरार हो गया। एफआईआर के मुताबिक मोबाइल की कीमत 15 हजार रुपये के करीब है। फिलहाल इस मामले में गंज थाना पुलिस चोर की तलाश कर रही है।

जांजगीर में सेक्स रैकेट का खुलासा

## दो महिला और दो पुरुष, संचालिका समेत 6 लोग गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा (ए)।** जांजगीर चांपा जिले में शनिवार को पुलिस ने सेक्स रैकेट का खुलासा किया है। मेला ग्राउंड के पास मकान में छापेमारी कर आपत्तिजनक स्थिति में 2 पुरुष और 2 महिला को पकड़ा है। पुलिस संचालिका समेत 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामला शिवरीनारायण थाना क्षेत्र का है।

एसडीओपी यदुमणी शिदार ने बताया कि द्रौपदी भट्ट अपने मकान में महिलाओं को बुलाकर कुछ दिनों से देह व्यापार चला रही थी। शिकायत मिलने के बाद टीम बनाकर घर में रेड मारा गया। जिसमें दो पुरुष और दो महिला को संदिग्ध अवस्था में पाया गया। वही



पुलिस ने अन्य दो महिला और संचालिक द्रौपदी भट्ट को पकड़ गया। जिनके पास से देह व्यापार के पैसे करीब 3 हजार रुपए, आपत्तिजनक सामान, बाइक और मोबाइल बरामद किया गया है।

### सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज

शिवरीनारायण थाने में सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। ईश्वर साहू (38 वर्ष) निवासी सारंगढ़, चूड़ामणि मानिकपुरी (25 वर्ष) निवासी बलौदाबाजार को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा जाएगा।

### संचालिका के परिवार को दूसरे जगह भेजने की मांग

स्थानीय लोगों ने पिछले दिनों से देह व्यापार को बंद कराने के लिए थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई की है। अब देह व्यापार चला रही महिला के परिवार को दूसरे जगह भेजने की मांग की है।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध | Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

## खास - खबर

### मां बेटे ने एक साथ किया देहदान

**दुर्ग।** मानवता की भलाई के लिए दुर्ग के मां बेटे ने एक साथ देहदान कर मानवता की अनुकरणीय मिसाल प्रस्तुत की है। पदनाभापुर एमआईजी 127 निवासी रोहित कुमार सरन और उनकी मां प्रभा रानी के देहदान हेतु प्रनाम के अध्यक्ष पवन केसवानी ने उनके घर जाकर काउंसलिंग की। जिसके बाद मां बेटे ने एक साथ मरणोपरांत चिकित्सा अध्ययन, अध्यापन हेतु देहदान की वसीयत जारी किया। सामाजिक संस्था प्रनाम के द्वारा 2008 से अभी तक 1900 से ज्यादा देहदान करवाया जा चुका है। उनमें से 292 लोगों के मरणोपरांत उनकी पार्थिव काया मानवता की भलाई के लिए छत्तीसगढ़ के विभिन्न कालेजों में समर्पित हो चुकी है। देहदान हेतु इच्छुक प्रनाम से 9479273500 में संपर्क कर सकते हैं।

### घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी में संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एवं प्री-आरडीसी-1 का शुभारंभ

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ के एक मात्र घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी अंजोरा दुर्ग द्वारा 24 नवंबर से 03 दिसंबर तक दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर एवं प्री-आरडीसी-1 कैंप का आयोजन कामधेनु विश्वविद्यालय परिसर में किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के शासकीय एवं निजी विद्यालयों के साथ-साथ मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय के अंतर्गत आने वाले दुर्ग (छ ग),महू (म. प्र.), रीवा (म.प्र.) एवं जबलपुर (म.प्र.) के घुड़सवार एनसीसी यूनिटों के लगभग 450 कैडेट सम्मिलित हो रहे हैं। उक्त कैंप के कैंप कमांडेंट कर्नल तुषार उपासनी कमान अधिकारी 1 छ ग घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी एवं डिप्टी कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल संजीब कुमार रॉय कमान अधिकारी 7 छ ग बटालियन बिलासपुर हैं। उक्त कैंप में कैडेटों को सैन्य गतिविधियों के प्रशिक्षण के साथ साथ घुड़सवारों की विभिन्न जानकारी भी प्रदान की जा रही है। आज 25 नवंबर को कैंप का शुभारंभ कैंप कमांडेंट कर्नल तुषार उपासनी के ओपनिंग एड्रेस के द्वारा हुआ। जिसमे उन्होंने कैडेटों को कैंप में दी जाने वाली सिखलाई में जोश के साथ सम्मिलित होने की सलाह के साथ अनुशासित रहने की सलाह दी और जीवन में आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

### मसीही समाज की तीन दिवसीय सभा शुरू, गीत-संगीत भी हुआ

**भिलाई।** रिसाली स्थित सेंट थामस स्कूल के परिसर में सेंट थामस चर्च द्वारा आयोजित विशेष तीन दिवसीय आत्म जागृति सभा का उद्घाटन हुआ। स्थानीय पास्टर रेव्ह स्टेनली ने प्रार्थना की सभाओं की शुरुआत की। विशेष आमंत्रित वक्ता रेव्ह विसेंट राजेन्द्र, कैगलोर और रेव्ह सन्नी ने विश्वास पूजा द्वारा परमेश्वर के साथ चलना है, विषय पर प्रकाश डाला। सभाएं शाला परिसर के खुले मैदान में आयोजित है। इसमें बड़ी संख्या में मसीही समाज के शामिल हुए। स्थानीय क्वायर द्वारा गीत, संगीत प्रस्तुत किया गया।

### मंडला मकर संक्रांति पूजा शुरू

**भिलाई।** केरलवासियों का पवित्र पर्व मंडला पूजा और मकर विलक्कू आने वाला है। उससे पहले अयप्पा मंदिर, सेक्टर-2 में केरल के प्रसिद्ध तीर्थ सबरीमला की तर्ज पर 60 दिवसीय पूजा शुरू हो गई है। मंदिर में रोजाना सुबह 5.30 बजे से निर्माल्य दर्शनम के अयप्पा स्वामी का विशेष अभिषेक किया जा रहा है। गणपति होमम् व अन्य पूजा भी जारी है। इसके बाद रोजाना शाम को अयप्पा सेवा संघम् के सदस्य और श्रद्धालु डेढ़ घंटे का नियमित भजन कर रहे हैं।

# तेलंगाना के गजवाल विधानसभा के प्रभारी बने विधायक देवेन्द्र

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को तेलंगाना विधानसभा चुनाव में एक बड़ी जिम्मेदारी मिली है। उन्हें ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा क्षेत्र गजवाल का प्रभारी बनाया है। विधायक देवेंद्र यादव तेलंगाना के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार कर रहे हैं और जन-जन तक पहुंचकर विचार प्रसार में जमकर पसीना बहा रहे हैं।**

### कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में बना रहे हैं माहौल



तेलंगाना में भी विधानसभा चुनाव होने वाला है। विधानसभा चुनाव के पहले कांग्रेस प्रत्याशी जनसंपर्क और प्रचार प्रचार में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव को कांग्रेस पार्टी की तरफसे बड़ी जिम्मेदारी दी गई है।

जिसके तहत विधायक श्री यादव तेलंगाना के गजवाल विधानसभा क्षेत्र में प्रचार प्रसार में निकल चुके। गजवाल विधानसभा क्षेत्र में नरश रेड्डी कॉंग्रेस के प्रत्याशी है। जिनके लिए वे लगातार डोर टू डोर दौरा कर रहे है।

एआईसीसी द्वारा तेलंगाना के सीएम के चंद्रशेखर राव के विधानसभा में विधायक श्री यादव को मिली प्रचार की जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी के साथ निभा रहे है। पार्टी से जिम्मेदारी मिलते ही विधायक यादव तेलंगाना के लिए रवाना हुए। वहां पहुंचते ही पार्टी के प्रत्याशी के लिए जनसम्पर्क शुरू कर दिए। विधायक श्री यादव ने बताया कि वहाँ की जनता को कांग्रेस पर और कांग्रेस के प्रत्याशियों पर पूर्ण भरोसा है और तेलंगाना के सभी विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस का जमकर रुझान है।

# सीएम भूपेश ने परिवार के साथ काटी धान की फसलः कहा- इस बार हमें भी मिलेगा कर्जमाफी का लाभ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शनिवार को बढ़ौना कार्यक्रम में अपने गांव गुरूडीह पहुंचे और पूरे परिवार के साथ पारंपरिक यंत्रों की पूजा की। अपनी पत्नी मुक्तेश्वरी बघेल के साथ हाथ में हंसिया लेकर धान की फसल की कटाई की। सीएम ने कर्जमाफी के सवाल पर हंसते हुए कहा कि पिछली बार हमने कर्ज नहीं लिया था। इस बार उन्हें भी कर्जमाफी का लाभ मिलेगा।

भूपेश बघेल ने कहा कि खलियान से धान सोसायटी में जाना शुरू हो गया। इस बार लोन लेकर धान की फसल बोई है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उनके नाम पर जितनी भी जमीन है, उसमें वो फलों की फसल लेते हैं। भाजपा के सरकार बनाने के दावों को झूठा बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा मान चुकी है कि वो हार रहे हैं। अंकों की गणित के बारे में सीएम ने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि इस बार पिछली बार से अधिक सीटें मिलेंगी। भाजपा डर रही है कि ऐसा हुआ तो उन्हें फिर से खेलने का मौका नहीं मिलेगा। तीन तारीख तक भाजपा सिर्फ दावा ही कर सकती है। भिलाई स्टील प्लांट की जमीन को लेकर सीएम ने कहा कि उनके दादा भिलाई तीन के माल गुजार थे। भिलाई स्टील प्लांट में 18 गांव की जमीन गई थी। उसमें हमारी भी जमीन गई है। इस बात की खुशी है कि हमारी जमीन गई है तो आज लाखों लोगों को उससे रोजगार मिल रहा है। नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई को सीएम बघेल ने बदले की कार्रवाई बताया है। उन्होंने कहा कि नेशनल हेराल्ड एक ट्रस्ट है। उसने देश की आजादी की लड़ाई में अहम भूमिका निभाई है।

# गंदगी फैलाने और पॉलीथिन के उपयोग पर वसूला जुर्माना

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत गंदगी फैलाने वालों एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध के बावजूद उपयोग परदुकानदारों से निगमायुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देशानुसार नगर निगम सीमा क्षेत्र में नया बस स्टैंड पर छापामार कार्रवाई की जाकर संबंधितों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई की गई।

जिसके तहत शनिवार को 3000 रुपये से अधिक का जुर्माना वसूल किया गया।स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के मार्गदर्शन में स्वच्छता टीम ने जोन क्रमांक 1 नया बस स्टैंड एवम जोन क्रमांक 2 इंदिरा मार्केट अंतर्गत वार्ड 46 एवं 45 बोरसी जॉन क्रमांक 3 के अंतर्गत सिकोला भाठा धमधा रोड मार्केट के अलावा अन्य स्थानों पर गंदगी फैलाने एवं प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग कर रहे दुकानदारों के विरुद्ध जुर्माना की कार्रवाही की गई। इस मौके पर स्वच्छता निरीक्षक सुरेश भारती, राजू सिंह, मनोहर शिंदे आदि मौजूद रहें। इसके अतिरिक्त नगर निगम ने शहर में कचरा फैलाने वालों पर कार्रवाही शुरू कर दी है। इस दौरान कचरा फैलाने वाले 6 दुकानदारों से 3000 रुपए का जुर्माना वसूला गया।

साथ ही पुनः कचरा फैलाए जाने पर दोगुना दंड वसूलने की चेतावनी दी गई। नगर निगम टीम सुबह जांच के लिए पहुंचे। शहर को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाए रखने के लिए नगर पालिक निगम विशेष कदम उठा रहा है। इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जा रहा है। जिससे शहर की स्वच्छ छवि बने और सुंदर स्वच्छ दिखे। बता दे कि नगर निगम द्वारा लगातार शहर में गंदगी फैलाने वालों ओर प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग करने वालो पर नजर रखी हुई है।कार्रवाही के मौके पर टीम ने कहा दुकान के भीतर प्रतिबंधित प्लास्टिक पाये जाने पर कड़ी कार्रवाही करते हुए अधिक राशि तक का जुर्माना किया जाएगा।

# सुपेला संडे मार्केट में निगम ने फिर एक बार की मार्किंग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सुपेला से गदा चौक तक हर रविवार को लगने वाले संडे मार्केट के लिए निगम प्रशासन ने एक बार फिर मार्किंग कर दुकानदारों को चेतावनी दी है। सड़क तक दुकानों को लगाने वालों पर रविवार को सख्त कार्रवाई की जाएगी। निगम अमले ने मार्किंग कर सभी दुकानदारों को उसके अंदर ही दुकान लगाने की समझाइश दी है। यदि रविवार को मार्किंग के बाहर दुकाने दिखी तो कार्रवाई करते हुए उनपर जुर्माना लगाया जाएगा।**



बता दें सुपेला में लगने वाले संडे मार्केट को व्यवस्थित करने की समय समय पर कोशिश होती है। निगम द्वारा मार्किंग की जाती है और कुछ समय बाद फिर से वही स्थिति निर्मित हो जाती है। पिछले कुछ माह से यहां संडे मार्केट के दौरान आने जाने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके देखते हुए निगम प्रशासन द्वारा शनिवार को संडे मार्केट में दोनों ओर चूना से मार्किंग की गई और दुकान दायरे में लगाने की समझाइश दी गई।

# प्राचीन शिव मंदिर में पूर्णिमा पर होगा अभिषेक




श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।** शिवनाथ नदी के महमरा तट पर 27 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा मेला का आयोजन किया जाएगा। यहां के प्राचीन शिव मंदिर में सुबह 4 बजे से भगवान भोलेनाथ का विशेष अभिषेक किया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजू शर्मा ने बताया कि शिव मंदिर, हनुमान मंदिर, साई -विश्वकर्मा मंदिर में महाआरती होगी। भक्त सूर्योदय से पहले ही पुण्य स्नान के लिए पहुंचते हैं। इसे देखते हुए उन्होंने बेहतर प्रकाश व्यवस्था, चेंजिंग रूम और भीड़ को देखते ही सुरक्षा व्यवस्था प्रशासन की ओर से कराने अपील की है।

# नंदनी माइंस में वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा समारोह का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** वार्षिक खान सुरक्षा पखवाड़ा समारोह के अंतर्गत खान सुरक्षा निदेशालय बिलासपुर एवं रायगढ़ के तत्वाधान में, गैर कोयला खदान (बिलासपुर परिक्षेत्र) तथा नंदनी माइंस (चूना पत्थर), भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा नंदनी खदान के सुरक्षा उद्यान में, दिनांक 25 नवंबर 2023 को एक विशेष कार्यक्रम का अयोजन किया गया। जिसमें निरीक्षण दल के सदस्यगण, गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड के टीम संयोजक हेमंत आर उपाटे, जयसवाल नीको से संतोष कुमार सिंह, मिवान स्टील्स लिमिटेड से विकास वर्मा तथा शारदा एनर्जी एंड मिनरल्स लिमिटेड से ए के दास विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



इस सुरक्षा कार्यक्रम में नंदनी खदान के कर्मचारियों एवं नंदनी के शालेय छात्र छात्राओं ने सुरक्षा प्रथम की थीम पर नाट्य का मंचन किया। जिसमें सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग और खदान में कार्य करने से जुड़ी सावधानियों के विषय में अवगत कराते हुए जागरूक किया गया। इसी कड़ी में कार्यक्रम में पोस्टर व रंगोली प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया था। जिसमें अतिथियों द्वारा निरीक्षण कर विजेताओं का चयन किया गया। इन विजेताओं को कार्यक्रम के दौरान पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। इस दौरान अतिथियों द्वारा सुरक्षा उद्यान में वृक्षारोपण भी किया गया।

विशेष अतिथि एच आर उपाटे ने अपने उद्बोधन में कहा कि माइंस जैसे कार्यस्थल में हमेशा ही दुर्घनाओं का खतरा बना रहता है, अतएव हमें सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करना है और शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को प्राप्त करना है। उन्होंने शालेय बच्चों को बधाई देते हुए उनको भविष्य के लिए शुभकमाएं प्रदान की।

महाप्रबंधक (नंदिनी माइंस) सुधाकर जामुलकर ने अपने उद्बोधन में सुरक्षा सम्बंधित जानकारी साझा की। कार्यक्रम के की शुरुआत में उपस्थित अतिथियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं खदानकर्मियों द्वारा सुरक्षा के लिए शपथ ग्रहण किया गया। जिसके बाद उप महाप्रबंधक (नंदिनी माइंस) बीरेंद्र कुमार ने अपने स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम को गति प्रदान की। इस स्वागत भाषण में उन्होंने एक दिलचस्प आंकड़ा प्रस्तुत किया, जिसके अनुसार वर्ष 2016 से नंदनी खदान में शून्य दुर्घटना कायम है, जो यहां की सुरक्षा नीतियों के सफल क्रियान्वयन को दर्शाता है। सहायक महाप्रबंधक (नंदनी खदान) डी एन रस्तोगी ने धन्यवाद ज्ञापन दिया तथा टी आर साहू ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# गर्ल्स कॉलेज में संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राजनीतिषास्त्र विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में गरिमामय ढंग से संविधान दिवस का आयोजन किया गया। प्रभारी प्राध्यापक डॉ. यशेष्वरी ध्रुव ने जानकारी देते हुए बताया कि संविधान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों के लिये विभिन्न प्रतियोगितायें आयोजित की गई।**



इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुषील चन्द्र तिवारी ने 'संविधान दिवस' की शपथ दिलायी गयी। उन्होनें छात्राओं को संविधान के मूल उद्देष्यों की जानकारी देते हुए कहा कि हमें स्वतंत्रता, समानता और न्याय का अधिकार प्राप्त है। हमें संविधान से मौलिक अधिकार और मौलिक कर्तव्यों की जानकारी प्राप्त होती है। हम अधिकारों के प्रति जागरूक रहते है। उसी तरह हमें अपने कर्तव्यों के बारे में भी जागरूक रहना चाहिए। हमारे संविधान में महिलाओं, युवाओं एवं समस्त नागरिकों को विधि के समक्ष समता और संरक्षण प्रदान किया गया है। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने कहा कि संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर के द्वारा तैयार भारतीय संविधान को हमारी संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत, अधिनियम और आत्मर्पित किया और 26 जनवरी 1950 को सम्पूर्ण भारतीय क्षेत्र में लागू किया गया। जितना महत्व इस देष में गीता, रामायण और महाभारत पुस्तकों का है। उतना ही महत्व भारत के संविधान का भी है। संविधान में 22 भाग है।

उसके सभी पन्नों पर प्राचीन भारतीय संस्कृति एवं परम्परा का उल्लेख है हम मौलिक अधिकार के साथ मौलिक कर्तव्यों के बारे में जाने और उसके अनुसार आचरण करें। डॉ. सुषमा यादव राष्ट्रीय सेवा योजना सलाहकार समिति की सदस्य ने कहा कि संविधान दिवस मनाने का उद्देष्य की भावना को बढ़ाना है साथ ही संविधान निर्माताओं के योगदान को स्वीकार करना है।

इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं के लिए संविधान दिवस के अवसर पर ऑनलाईन प्रष्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 200 छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कु. शबा अंजुम अंसारी, बी.कॉम. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान कु. मानसी, बी.ए. तृतीय वर्ष तथा तृतीय स्थान कु. चेतना बी.एससी. तृतीय वर्ष ने प्राप्त किया जिन्हें प्राचार्य द्वारा पुरस्कृत किया गया।

छात्राओं ने भी संविधान दिवस पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. यषेष्वरी ध्रुव, श्रीमती वंदना बंजारे तथा लावेन्द्र साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमित सिंह एवं आभार प्रदर्षन कु. रष्मि नौरंगे ने किया।

# दुर्ग जिला सहकारी बैंक के सहायक लोकपाल सस्पेंडः बीजेपी के लिए कर रहे थे प्रचार

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** दुर्ग कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के सहायक लोकपाल को सस्पेंड कर दिया है। कलेक्टर के पास शिकायत आई थी कि आचार संहिता के दौरान लोकपाल ने कई वॉट्सऐप ग्रुप में बीजेपी का स्लोगन पोस्ट किया है।



जानकारी के मुताबिक, दूसरे राजनीतिक दल ने कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेंद्र कुमार मीणा से मामले की शिकायत की थी। शिकायत में बताया गया था कि जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक में पदस्थ लोकपाल रोहित कुमार वर्मा ने भाजपा का प्रचार-प्रसार किया है।

जांच में सही मिली शिकायत उसने पार्टी से संबंधित स्लोगन को कई वॉट्सऐप ग्रुप में वायरल किया है। कलेक्टर ने इस मामले की जांच करवाई। जांच में सही पाए जाने पर रोहित वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। कलेक्टर ने इसे आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना है। बताया जा रहा है कि लेखापाल रोहित वर्मा भाजपा से जुड़ा हुआ है। उसने इससे पहले भी पार्टी को लेकर काफी राजनीतिक एक्टिविटी की है। इस बार उसने सरकारी ड्यूटी के दौरान आचार संहिता लागू होने के बाद भी भाजपा पार्टी का प्रचार किया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950